सरल आयुर्वेद
औषधीय चिकित्सा

आयुष प्रभाग
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

आयुर्वेद

सरल आयुर्वेद
औषधीय चिकित्सा

आयुष प्रभाग
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
पंचदीप भवन सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110002
वेबसाइट: www.esic.nic.in, www.esic.in, www.esichospitals.gov.in

www.facebook.com/esichq @esichq

प्रतिलिप्यैधिकार : आयुष प्रभाग, क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली।

प्रकाशक : क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली।

अस्वीकरण : **"सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा"** शीर्षक की पुस्तक को आयुर्वेद के शास्त्री य साहित्य, अनुसंधान कार्यों के आधार पर तैयार किया गया है और आम तौर पर उपलब्ध उन पौधों को शामिल करने पर बल दिया गया है, जो दैनंदिनी चिकित्सीय उपचार में इस्तेमाल होते हैं। आयुष प्रभाग ने प्रकाशन से पूर्व सामग्री की यर्थाथता सुनिश्चित करने की ओर विशेष ध्यान दिया है और किसी भी चूक या अनजान त्रुटि के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकेगा और न ही यह गारंटी देता है कि इसमें विषय के सभी पहलुओं को व्याप्त कर लिया गया है। यह पुस्तक आयुर्वेदिक चिकित्सकों और आम जनता के लिए सुलभ है।

किसी भी प्रकार की शुद्धि या सुधार के लिए आपके फीडबैक एवं सुझाव सादर आमंत्रित हैं। इन्हें उप चिकित्सा आयुक्त (आयुष), क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली –110002 पर डाक द्वारा भेज सकते हैं या dmc-ismhq@esic.in पर मेल कर सकते हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

प्राक्कथन

आयुर्वेद सबसे प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है। इस प्राचीन जीव विज्ञान (आयुर्वेद) की जागरूकता और आवश्यकता को पूरे देश में देखा जा सकता है और इसके सिद्धांत एवं परंपरा रोगों के निवारण तथा सकारात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर बल देता है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति गैर–संक्रामक रोगों और जीवन–शैली से उत्पन्न रोगों के निवारण एवं उपचार में बहुत प्रभावकारी है। आयुर्वेदिक शास्त्रीय साहित्य में प्राचीन आचार्यों द्वारा शरीर और मन का शुद्धिकरण करने, रोग का उपचार करने तथा रोग के निवारण क्रमशः तीन प्रकार की उपचार पद्धतियों जैसे शोधन (पंचकर्म) चिकित्सा, पद्धति शमन (प्रशामक) चिकित्सा पद्धति और निदान परिवर्जन (रोग के प्रेरक कारकों का परिहार) का वर्णन मिलता है।

क.रा.बी.निगम बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपने अस्पतालों और औषधालयों में चिकित्सा की आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए उचित महत्व दे रहा है। वर्ष 2015 में क.रा.बी.निगम में आयुष नीति बनाई गई, जिसमें स्थानीय जनसंख्या द्वारा इसकी वरीयता को देखते हुए क.रा.बी. अस्पतालों और औषधालयों में आयुष सुविधाओं को विस्तार देने का वादा किया गया। वर्तमान में, देश भर में 314 एककों में आयुष सेवा प्रदान की जा रही है और क.रा.बी.निगम अस्पतालों में पंचकर्म उपचार सुविधाओं का विकास आंतरिक रूप से किया जा रहा है।

वर्ष 2016 से, आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष "भगवान धन्वन्तरि जयंती" को 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष, इस दिवस का विषय "जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद" है। यह दिवस क.रा.बी.निगम में भी मनाया गया जिसमें सभी क.रा.बी. अस्पतालों और औषधालयों में चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता कार्यकलाप की।

क.रा.बी.निगम के आयुष प्रभाग ने "सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा" शीर्षक से एक पुस्तक संकलित की है। जिसमें स्थानीय नामों, आम–जन की सहायता के लिए औषधीय पौधों के लिए चिकित्सकीय प्रयोग और आयुर्वेद बंधुता का वर्णन किया गया है। मैं आयुष प्रभाग को ऐसी मूल्यवान पुस्तक लाने में उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ, जिससे क.रा.बीमा औषधालयों एवं अस्पतालों से आयुष पद्धति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

राज. कुमार, भा.प्र.से.
महानिदेशक



वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा
पद्मभूषण एवं पदमश्री पुरस्कार प्रापक
अध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस
अध्यक्ष, शासी निकाय
राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

संदेश

मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि क.रा.बी.निगम का आयुष प्रभाग आम–जन और आयुर्वेद बंधुओं के लाभ हेतु स्पुष्ट और व्यवस्थित तरीके से "सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा" नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन कर रहा है।

आयुर्वेद, स्वास्थ्य का समय–परीक्षित पारंपरिक तंत्र है जो शारीरिक, मानसिक, संवेदी, आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरण कल्याण का प्रयास है तथा निवारक एवं उपचारात्मक चिकित्सा पहलुओं पर कार्य करता है।

बीमारी की रोकथाम के लिए दिनचर्या (दैनंदिन कार्य), ऋतुचर्या (मौसमी कार्य) और सद्वृत्त (सकारात्मक व्यवहार) के सिद्धांत ही मंत्र हैं। जबकि दवाइयां, आहार, क्या करें और क्या न करें बीमारी के उपचार हेतु अनिवार्य हैं।

विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए आयुर्वेद में एक अथवा कई सामग्रियां शामिल की जाती हैं, जो रोगी की स्थिति और आवश्यकता पर आधारित होती हैं। सामान्य चलन में ज्यादातार दवाएं जड़ी–बूटी मूल की प्रयोग की जाती हैं जबकि विशेष परिस्थितियों में किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ के चिकित्सा पर्यवेक्षण के अंतर्गत बहुत सावधानी के साथ खनिज पदार्थों और धातुओं का निर्धारण किया जाता है। यह पुस्तक केवल सामान्य रोगों के लिए हर्बल उपचार का वर्णन करती है जो बहुत सुरक्षित और प्रभावी है, आमजन के हितों की पूर्ति करती है। इस पुस्तक में मिश्रणों को शामिल किया गया है जो भारतीय रसोई, बागों और स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध सरल, एकल तथा चुनिंदा हैं। इससे यह पुस्तक बहुत सराहनीय बन पड़ी है।

पुस्तक में पौधों के सचित्र उपयोगी भागों और स्थानीय भाषा के नाम दिए जाने से यह पुस्तक पौधों को और उनके उपयोगी भागों को चिह्नित करने में अत्यधिक मददगार साबित होगी क्योंकि इसे संस्कृत और जैविक परिवार सहित वैज्ञानिक नाम के अलावा भारत की लगभग सभी भाषाओं में प्रकाशित किया गया है।

द्वितीय राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के शुभ अवसर पर मैं महानिदेशक और आयुष प्रभाग को क.रा.बी. निगम अस्पतालों तथा औषधालयों में आयुष सुविधाओं को बढ़ावा देने एवं प्रचार करने के प्रशंसनीय कार्य और क.रा.बी.निगम में आयुर्वेद, योग तथा अन्य आयुष प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने के लिए अभिनव गतिविधियों को अंतर्निविष्ट. करने हेतु बधाई देता हूँ।

वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

संदेश

भारत में आयुष प्रणालियों के प्रति जागरूकता दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है। पहले, सभी भारतीय चिकित्सा प्रणालियां एक समूह अर्थात् भारतीय चिकित्सा प्रणाली (आईएसएम) के अधीन थीं। ये जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आती थीं बाद में, 2014 में इन सभी भारतीय चिकित्सा प्रणालियों का एक अलग मंत्रालय अर्थात् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के रूप में पुनः नामकरण किया गया है।

बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों की मांग की पूर्ति हेतु दिल्ली में दो क.रा.बी.निगम औषधालयों में 1977 में प्रायोगिक आधार पर आयुर्वेद प्रणाली का शुभारंभ किया गया। बाद में इसकी महत्ता और स्वीकृति को देखते हुए, विभिन्न अस्पतालों और औषधालयों में दो अन्य इकाइयां खोली गईं। पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के प्रति रूझान के साथ 2003 में क.रा.बी.निगम में होम्योपैथी और योग प्रणालियां भी शुरू की गईं। वर्तमान में, पूरे भारत में विभिन्न क.रा.बी.निगम और क.रा.बी. योजना अस्पतालों में 165 आयुर्वेद इकाइयों, 87 होम्योपैथी इकाइयों, 32 योग इकाइयों, 27 सिद्ध इकाइयों, 03 यूनानी इकाइयों के साथ कुल 314 इकाइयां कार्य कर रही हैं। इनके अतिरिक्त, क.रा.बी.निगम और क.रा.बी. योजना में वर्तमान में 16 पंचकर्म इकाइयां एवं 4 क्षार सूत्र इकाइयां हैं।

क.रा.बी.निगम मुख्यालय का आयुष प्रभाग प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और प्रत्येक वर्ष धनतेरस के दिन 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' मनाता है। प्रथम 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के दौरान आयुष प्रभाग ने क.रा.बी.निगम की 'आवश्यक आयुर्वेदिक दवाई सूची' नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस वर्ष भी, आयुष सेवाओं के प्रति जागरूकता और बढ़ावे के रूप में दिनांक 21.06.2018 को मुख्यालय के कर्मचारियों के मध्य योग प्रतियोगिताओं तथा योग अभ्यास के संचालन के साथ तृतीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था।

मुझे मुख्यालय, क.रा.बी.निगम, नई दिल्ली में द्वितीय राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर "सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा" पुस्तक का विमोचन करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

डॉ. एस.एल. विग
चिकित्सा आयुक्त (आयुष)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

प्रस्तावना

जीवन के पारंपरिक ज्ञान, आयुर्वेद का संचारण, गुरु–शिष्य परंपरा (शिक्षक–शिक्षण प्रणाली) पद्धति के माध्यम से होता है। गुरु का ज्ञान तथा अनुभव उनके बुद्धिमान शिष्यों द्वारा संहिता के रूप में दर्ज किया गया है। आयुर्वेद के शास्त्रीय पाठ चरक संहिता, सुश्रुत संहिता तथा कश्यप संहिता इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जो कि हजारों वर्षों के अवलोकन तथा समय–परीक्षित अनुभव का संकलन है।

प्राचीन काल में, आयुर्वेदिक चिकित्सक अपने नियमित अभ्यास के लिए स्वयं कच्ची सामग्री संग्रह करते तथा औषधि तैयार करते थे। चिकित्सक रोगी की शारीरिक प्रकृति के आधार पर रोग विशेष के लिए औषधि की पहचान, चुनाव, संग्रह, संसाधन तथा विरचना के संबंध में अच्छी तरह से जागरूक थे। वर्तमान में, यह अभ्यास औद्योगीकरण, प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण, शहरीकरण तथा कुछ पर्यावरणीय कारकों के कारण से भी अप्रचलित है। अब ज्यादातर चिकित्सक चिकित्सीय अभ्यास के लिए सहजता से उपलब्ध विपणन सामग्री पर निर्भर हैं। तथापि, जड़ी–बूटियां जो कि साधारण तौर पर आयुर्वेद नैदानिक अभ्यास में प्रयोग होती हैं, के अनुस्मरण, पहचान की विशेषताओं, संसाधन तकनीक की आवश्यकता है। अतः यह पुस्तक जिसका शीर्षक "सरल आयुर्वेद उपचार" है आसान, स्पष्ट तथा व्यवस्थित ढंग से तैयार की गई है।

इस पुस्तक में उन सौ से अधिक जड़ी–बूटियों का विवरण है, जो आसानी से उपलब्ध हैं तथा जिनका आयुर्वेदिक चिकित्सकों तथा पारंपरिक चिकित्सकों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी सामान्य रोगों में सामान्यतः प्रयोग किया जाता है। इस पुस्तक में पौधों तथा उनके स्थानीय नाम, वानस्पतिक नाम तथा चिकित्सकीय प्रयोग वर्णित हैं। इस पुस्तक के प्रकाशन हेतु मुझे डॉ. एस. वरलक्ष्मी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, चेन्नै और डॉ. देवेन्द्र सिंह उप चिकित्सा अधीक्षक (आयुष) क.रा.बी निगम अस्पताल औखला दिल्ली का यथापेक्षित सहयोग मिला। इस हिंदी संस्करण के प्रकाशन के लिए श्री श्याम सुंदर कथूरिया, उप निदेशक (राजभाषा), मुख्यालय ने इसमें व्यक्तिगत रुचि ली और आवश्यक योगदान दिया। श्रीमती रूपा चौरसिया, वैयक्तिक सहायक, आयुष प्रभाग, मुख्यालय ने भी इसके प्रूफ पठन में सहयोग किया। इन सब के प्रति मैं हृदय की गहराई से आभार प्रकट करता हूं।

आशा करता हूँ, यह पुस्तक स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों से स्वयं की सुरक्षा तथा उनके उपचार में प्रत्येक के लिए सूचना का उपयोगी स्रोत साबित होगी। इसके अतिरिक्त, वे बेहतर समझ के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं।

(डॉ जी प्रभाकर राव)
उप चिकित्सा आयुक्त
सलाहकार प्रभारी (आयुष)

विषयसूची

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
1.	अगस्त्य (गाछ–मूंगा)	1
2.	अतसी (अलसी)	2
3.	अपराजिता	3
4.	अपामार्ग (चिरचिटा)	4
5.	अमृत फलम् (अमरूद)	5
6.	अरिष्टक (रीठा)	6
7.	अर्जुन	7
8.	अशोक	8
9.	अश्वगंधा (असगंध)	9
10.	अश्वत्थ (पीपल)	10
11.	अस्थिसंहारक (हडजोड़)	11
12.	आकारकरभ (अक्कलकरा)	12
13.	आत्मगुप्ता (कौंच)	13
14.	आमलकी (आंवला)	14
15.	आरग्वधा (अमलतास)	15
16.	आवर्तनी (मरोड़ फली)	16
17.	इक्षु (ईख)	17
18.	इन्द्रवारूणी (इन्द्रायन)	18
19.	इंद्रवल्ली (कानफूटी)	19
20.	ईश्वरी	20
21.	एड्गजा (दादमर्दन)	21
22.	एरण्ड (अरण्ड)	22
23.	एरण्डकर्कटी (पपीता)	23
24.	कटुका (कुटकी)	24
25.	कदली (केला)	25
26.	कमल	26
27.	करंज (दिथोरी)	27
28.	कर्पूर (कपूर)	28

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
29.	कांचनार (कचनार)	29
30.	कारवेल्लक (करेला)	30
31.	कालमेघ	31
32.	कुमकुम (केषर)	32
33.	कुटज (कुरची)	33
34.	कुमारी (मुसाभर)	34
35.	कुलुत्थ (कुलथी)	35
36.	कृष्ण मुसली (कालीमूसली)	36
37.	खर्जूर (छुहारा)	37
38.	खसखस (पोस्तादाना)	38
39.	गुडूची (गिलोए)	39
40.	गुंजा (रत्ती)	40
41.	गोक्षुर (गोखुरु)	41
42.	चांगेरी	42
43.	चित्रक (चित्रा)	43
44.	जम्बू (जामुन)	44
45.	जपा (गुडहल)	45
46.	जलपिप्पली (पनिसिगा)	46
47.	जातिफल (जायफल)	47
48.	जीरक (जीरा)	48
49.	तक्कोलम (चक्रफूल)	49
50.	तिल	50
51.	तुलसी	51
52.	त्वक (दालचीनी)	52
53.	त्वकपत्र (तेजपत्ता)	53
54.	दाड़िम (अनार)	54
55.	दूर्वा (दूब)	55
56.	द्रोणपुष्पी (गूमा)	56

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
57.	धान्यक (धनिया)	57
58.	नागकेसर	58
59.	नागवल्ली (पान)	59
60.	नारिकेल (नारियल)	60
61.	निंब (नीम)	61
62.	निर्गुण्डी	62
63.	पर्णबीज (पथर छट)	63
64.	पर्णयवानी (पत्ता अज्वैन)	64
65.	पलांडु (प्याज)	65
66.	पलाष (टेसू)	66
67.	पारिष (कपीतना)	67
68.	पिप्पली (पीपड़)	68
69.	पुनर्नवा (गदपूर्णा)	69
70.	बिभीतक (बहेड़ा)	70
71.	बिम्बी (कुन्दरू)	71
72.	बिल्व (बेल)	72
73.	बृहत् दुग्धिका (दूधी)	73
74.	ब्राह्मी	74
75.	भूम्यामलकी	75
76.	भृंगराज (भंगारा)	76
77.	मदयंती (मेहंदी)	77
78.	मन्जिष्ठा (मंजिठा)	78
79.	मरिच (काली मिर्च)	79
80.	माष	80
81.	मिश्रेय (सौंफ)	81
82.	मुंडी	82
83.	मुस्ता (मोथा)	83
84.	मूलक (मूली)	84

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
85.	मेथी	85
86.	मेषशृंगी (गुडमार)	86
87.	यवानी (अजवायन)	87
88.	यष्टिमधु (मुलेठी)	88
89.	राजौदुम्बर (अंजीर)	89
90.	रास्ना (कुलांजन)	90
91.	लज्जालु (छुईमुई)	91
92.	लवंग (लौंग)	92
93.	लशुन (लहसुन)	93
94.	वचा (घोडबच)	94
95.	वाताम (बादाम)	95
96.	वासा (अडूसा)	96
97.	शतावरी (सतावर)	97
98.	शिग्रु (सहजन)	98
99.	शुण्ठी (सोंठ)	99
100.	श्वेत (सफेद) चंदन	100
101.	सत्यानाशी	101
102.	सदापुष्प (सदाबहार)	102
103.	सप्तला (षिकाकाय)	103
104.	सर्षप (सरसों)	104
105.	सारिवा	105
106.	सीताफल (लावली)	106
107.	सौरभनिम्ब (मीठा नीम)	107
108.	सूक्ष्मैला(छोटी इलायची)	108
109.	हरित मंजरी (कुर्प्पी)	109
110.	हरिद्रा (हल्दी)	110
111.	हरीतकी (हरड)	111
112.	हींग	112

1- vxLR; ¼xkN&eqxk½

Sesbania grandiflora,
Fabaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– West Indian Pea, White Dragon Tree, August flower, Flamingo Bill
हिंदी	– अगस्त, अगस्ति, चोगछे, गाछ–मूंगा, अगथीय, सदाबसना
कन्नड़	– अगासे, अगाछे, केम्पागासे, चोगाछे, अगासी, चोगछी
तमिल	– अगति
मलयालम	– अकट्टी, आगट्टी, अट्टी, अर्गट्टी, अति, अगट्टी
तेलुगु	– अविसा, अविशि
ओड़िया	– अगस्ति
गुजराती	– अगथियो, अयाथियो, अगत–थी–नार
बंगाली	– बाक, बाग्फाल, बसनाफूल, वाक, आगाशी, बसना, वसना

औषधीय प्रयोग

1. —fe xlu – 10–20 मि०ली० पत्तियों का रस 2 सप्ताह तक प्रातः खाली पेट लेने से आँत के कीड़े निकल जाते हैं।
2. fljnn – पत्तियों के रस की 2–3 बूँदें नाक में डालने से साइनस तथा सिरदर्द ठीक होता है।
3. Toj – ज्वर के लिए पत्तियों का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है।
4. jrkS/kh – रतौंधी के लिए घी में बनाए गए 3 ग्राम फूलों के लेप की सलाह दी जाती है।
5. mnj'ky – 5 ग्राम छाल के चूर्ण को 100 मि०ली० पानी में तब तक उबालें जब तक यह 25 मि०ली० ना रह जाए। इस काढ़े को हींग तथा नमक के साथ पीने से पेटदर्द में राहत मिलती है।
6. lf/k 'kkFk – जड़ तथा छाल का लेप लगाने पर संधि शोथ तथा गठिया से संबंधित दर्द तथा सूजन में आराम मिलता है।

2- vrlh ¼vylh½

Linum usitatissimum, Linaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– तिसी, तुसी
बंगाली	– मसिना अटासी
अंग्रेजी	– Linseed
गुजराती	– अलसी, अरासि
हिंदी	– अलसी
कन्नड़	– अगसबीज, सेमीगरे, अगासी
कश्मीरी	– अल्सी
मलयालम	– अगस्था, अगासी, चेरु चरम
मराठी	– अटशि
उड़िया	– अतुशि
पंजाबी	– अलि
तमिल	– अलि, विराई
तेलुगु	– अविसा
उर्दू	– अल्सी, खटन

औषधीय प्रयोग

1. e= tyu – 5 ग्राम अलसी के बीजों को पूरी रात गर्म पानी में भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह जब यह पूरे पानी को सोख लें तो इसे सही से छान लें। रोजाना भोजन से पूर्व इसका सेवन करें। मूत्र की जलन से संबंधित रोगों के उपचार के लिए यह बहुत उपयोगी है।

2. olk vlrryu – प्रातः 2–3 मि०ली०. अलसी के तेल को एक कप गर्म पानी में मिलाकर खाली पेट लें। यह कोलेस्ट्रोल तथा मोटापा कम करने में सहायक सिद्ध होता है।

3. LrU; lo.k – अलसी, जीरा तथा मेथी के दानों की समान मात्रा में लेकर उनका महीन चूर्ण बना लें। इस मिश्रण की 5 ग्राम मात्रा रोजाना दिन में दो बार दूध के साथ लें। इससे दुग्धस्रवण में बढ़ोत्तरी होती है।

4. rr;k d dkVu ij – ताजा पकी हुई अलसी के पत्तों को मसलकर उसका रस निकाल लें। आपातकालीन परिस्थितियों में इसे प्राथमिक चिकित्सा उपचार हेतु काटे हुए/डंक मारे हुए भाग पर लगा लें। इससे जलन तथा दर्द में तुरंत आराम मिलता है।

5. xy dk nn – 2–3 ताजा फूलों का महीन/बारीक लेप बनाकर उसे गले के चारों ओर लगा लें। इससे गले का दर्द दूर होता है।

6. xfB;k – एक मुट्ठी अलसी के बीजों को सारी रात छाछ में भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह इसका बारीक पेस्ट बना लें और इस लेप को जोड़ो पर लगा लें। इससे एक–दो सप्ताह में जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है।

3- vijkftrk

Clitoria ternatea,
Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अपराजिता
बंगाली	– अपराजिता
अंग्रेजी	– Clitoria
गुजराती	– गोकर्णी
हिंदी	– अपराजिता
कन्नड़	– गिरिकर्णिका बल्ली, गिरिकर्णिका
मलयालम	– शंखपुष्पम
मराठी	– गोकर्ण, अपराजिता
ओड़िया	– अपराजिता
पंजाबी	– कोयल
तमिल	– कक्कानम
तेलुगु	– दिन्तेना

औषधीय प्रयोग

1. Y;kdkMek – पत्तियों को पानी के साथ गाढ़ा पीस कर सफ़ेद दाग वाले हिस्सों पर लेपन कर धूप सेंकते हैं। काले रंजकों की संख्या बढ़ाने के लिए इसका प्रयोग कम से कम एक महीने तक किया जाना चाहिए।
2. Qkbyfj;k dh ltu – फाइलेरियेसिस की सूजन कम करने के लिए 5 ग्राम जड़ के मिश्रण का प्रतिदिन दो बार सेवन किया जाता है।
3. Lefr lo/kd – स्मृति तथा बुद्धि बढ़ाने के लिए इसकी ताज़ी जड़ का मिश्रण घी के साथ 1–3 ग्राम की मात्रा में दिया जाता है। यह औषधि गलगंड में भी काफी उपयोगी सिद्ध हुई है।
4. vfr lko – गर्भाशय के रक्त संबंधी विकारों में इसके फूलों के चूर्ण की 1 ग्राम मात्रा दिन में तीन बार शहद के साथ दी जाती है।
5. u= fodkj – फूलों को गाय के दूध में कूट कर बंद आँखों के ऊपर लेप किया जाता है। यह आँख आने की स्थिति को कम करता है।
6. nk;r nn – दाँत दर्द दूर करने के लिए इसकी जड़ को काली मिर्च के साथ मुंह में रखा जाता है।
7. ?kko – एंटी फंगल तथा एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण घाव पर इसकी बारीक पत्तियों का लेप संक्रमण कम करता है तथा घाव जल्दी भरता है।

4- vikekxl ¼fpjfpVk½

Achyranthes aspera, Amaranthaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– आपांग
अंग्रेजी	– Prickly Chaff Flower
गुजराती	– अघेडो
हिंदी	– चिरचिटा, लटजीरा
कन्नड़	– उत्तरानी
मलयालम	– कतालटी
मराठी	– अघाड़ा
पंजाबी	– पुथकंडा
तमिल	– नयुरुवी
तेलुगु	– उत्तरेनु
उर्दू	– चिर्चिता

औषधीय प्रयोग

1. jä d /kCc – लाल रंग की अपामार्ग पत्तियों को प्रभावित भाग, शरीर के धब्बों वाले(जलन) भाग पर लगाएं। इससे 2–3 दिन में राहत मिलती है।

2. çeg – 3 ग्राम अपामार्ग तथा मेथी के बीजों को एक कप गर्म पानी के साथ सुबह खाली पेट लें। यह मधुमेह तथा मोटोपे के लिए कारगर औषधि है। इससे अत्यधिक भूख तथा प्यास में भी कमी आती है।

3. vfu;fer ekgokjh – पूरे पौधे के 10 ग्राम मोटे चूर्ण को 200 मि०ली०. पानी में 50 मि०ली०. रहने तक उबालें। माहवारी की निर्धारित तिथि से 1–2 दिन पहले लेना शुरु करें जब तक कि माहवारी बंद नहीं हो जाती। इससे दर्द तथा अनियमित माहवारी में आराम मिलता है।

4. iFkjh – अपामार्ग की 6–8 टहनियाँ सारी रात छाछ (100–200 मि०ली०.) में भिगोकर रखें। अगले दिन इन्हें सही से निचोड़कर छान लें तथा इसका सेवन करें। इससे मासिक चक्र, मूत्र पथरी संबंधी विकारों में आराम मिलता है।

5. jä lko – 5–10 मि०ली०. पत्तियों के रस को हल्दी के चूर्ण के साथ बारीक पीसकर लेप बना लें। इस लेप को रक्त स्रावित घाव पर लगाएं जिससे तुरंत रक्त का बहना बंद हो जाता है।

5- ver Qye ¼ve:n½

Psidium guajava,
Myrtaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– गोआछी, पेयरा
गुजराती	– जमरूद, जमरुख, पेरु
अंग्रेजी	– Common Guava
हिंदी	– अमरूद
कन्नड़	– गुवा, जमफल, पेरला, सीबी, सेबेहाब्बू
मलयालम	– पेरा, कोय्या
मराठी	– जम्बा, तुपकेल
उड़िया	– बोडोजमो, जामो, जुलाबोजामों, पिजुली
तमिल	– कोय्या, सेगप्पूगोय्या, सेंगोय्या, वेल्लईकोय्या
तेलुगु	– जामा

औषधीय प्रयोग

1. vfr lkj ¼nLr½ – अतिसार (दस्त) में अमरूद के पत्तों का क्वाथ (एक मुट्ठी पत्तों को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० क्वाथ रहने तक उबालें) बनाकर दिन में 2 बार दिया जा सकता है।
2. nkar 'ky – पत्तों को चबाते हुए इसके पेस्ट को कुछ समय तक दांत के नीचे रख सकते हैं। अमरूद के पत्तों में संक्रमणरोधी गुण होने के कारण यह मुख की समस्याओं की रोकथाम और उपचार में कारगर है।
3. oeu ¼mYVh½ – हैजा, वमन (उल्टी) आदि में छाल या जड़ का 5 ग्राम चूर्ण शहद में मिलाकर दिया जा सकता है।
4. eg d Nky – पत्तों का क्वाथ (काढ़ा) बच्चों में गुदा भ्रंश के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, और जीर्ण अल्सर और छालेयुक्त अल्सर के लिए इस क्वाथ के गरारे कर सकते हैं।
5. dk"Bc) rk ¼dPt½ – अमरूद का फल पौष्टिक होने के साथ–साथ एक अच्छा रेचक भी है। यह फल मधुमेह रोगी के लिए उपयोगी है।
6. 'oar çnj – पत्तों का क्वाथ (काढ़ा) योनि और गर्भाशय धोवन के लिए किया जाता है, विशेषकर श्वेत प्रदर में।

6- vfj"Vd ¼jhBk½

Sapindus mukorossi,
Sapindaceae



स्थानीय नाम

असमिया	– अराइथा
अंग्रेजी	– Indian soapnut
हिंदी	– रिष्ट, रिष्टक
मराठी	– फेनिल, रिंथी, रीठा
तमिल	– पुनालाय, पुंथी, पवंती
मलयालम	– कैभाकाय, पासककोत्तामारम, उरुवांक्षी
तेलुगु	– कुंकुडुसाटू, फेनिलाम
कन्नगड़	– अमटालाकाई, नोरेकेआई, टोगाटे मारा
बंगाली	– रीठा
उर्दू	– फेनिल

औषधीय प्रयोग

1. ekgokjh ihMk – अरिष्टक के बीज छोटे–छोटे सफेद या हल्के पीले रंग के होते हैं। पेट दर्द और माहवारी पीड़ा में 2 चम्मच तिल का तेल 5 बीजों की पेस्ट के साथ लिया जा सकता है।
2. [kk| fo"kkä rk – 5 बीजों को पीसकर 1 लीटर पानी में भिंगो दें। खाद्य विषाक्तता से ग्रस्त (आंतरिक रूप से) व्यक्तियों को यह पानी पीने को दिया जाए। इससे उल्टी आने लगती है, जिससे विषाक्त प्रभाव कम हो जाता है।
3. mnj Qyko – 500–600 मि.ग्रा. अरिष्टक बीज तत्व को गुड़ के साथ मिलाकर दिन में दो बार ग्रहण किया जा सकता है।
4. ?kko – 200 मि.ली. पानी में 20 ग्राम ताज़ा छाल को तब तक उबालें जब तक वह एक चौथाई न रह जाए। इस काढ़े से घावों को धोया जा सकता है। गैंग्रीन को धोने में भी इसी काढ़े का उपयोग किया जाता है। इससे मृत त्वचा हट जाती है, जिससे उपचार प्रक्रिया तेज़ हो जाती है।
5. [kk t ¼,fDt ek½ – 100 मि.ली. तिल के तेल में 50 ग्राम अरिष्टक के ताज़ा पत्तों को तब तक उबालें जब तक कि उनकी नमी वाष्प बनकर उड़ नहीं जाती। इस तेल को एक्जिमा के घावों पर लगाया जा सकता है।
6. nkn ¼gihZ t½ – 200 मि.ली. घी में 100 मि.ली. ताजे अरिष्टक के रस को तब तक पकाएं जब तक उसमें से पानी पूर्णतः वाष्पीकृत न हो जाए। इस घी को दाद ग्रस्त त्वचा और लम्बे समय से हो रही खुजली के स्थान पर लगाया जा सकता है।

7- v tqZu

Terminalia arjuna, Combretaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अर्जुन
बंगाली	– अर्जुन
अंग्रेजी	– Arjun tree, Arjunolismyrobalan
गुजराती	– सदद, अर्जुन, सजदा
हिंदी	– अर्जुन
कन्नड़	– मट्टी, बिलिमट्टी, नीरमट्टी, मतिचक्के, कुदारे किविमसे
मलयालम	– निरमासुथु, वेल्लामरुथी, केल्लेमासुथु, मट्टीमोरा, तोरेमट्टी
मराठी	– अर्जुन, सददा
उड़िया	– अर्जुन
पंजाबी	– अर्जोन
तमिल	– मरुदम
तेलुगु	– मड्डी
उर्दू	– अर्जुन

औषधीय प्रयोग

1. ân; j lk;u ¼V,fud½ – 5 ग्राम अर्जुन की छाल को 100 मि०ली० दूध में 50 ग्राम रहने तक उबालें। रोज सोने से पहले इस दूध का सेवन करने से सभी हृदय संबंधी परेशानियों का निवारण हो जाता है।

2. vfLFk Hkaxjrk – 10 ग्राम अर्जुन की छाल के चूर्ण को 200 मि०ली० पानी में एक चौथाई रहने तक उबालकर इसे छान लें। इस काढ़े को एक चम्मच गुड़ और एक चम्च शहद के साथ लें। यह अस्थि भंगुरता तथा वृद्धावस्था के दौरान आने वाली थकान के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है।

3. ckyksa dk >Muk – अर्जुन की पकी हुई पत्तियों को 2–3 घंटों के लिए पानी में भिगो दें तथा हाथों से अच्छी तरह से निचोड़ लें। इससे श्लेष्मिक लसलसापन पैदा होगा। बालों को धोने में इसका प्रयोग किया जाता है। इसे सही प्रकार से सिर पर लगाएं और आधे घंटे के बाद धो लें। इससे बालों में चमक के साथ गुणवत्ता भी आती है।

4. ?kko – घावों के ऊपर अर्जुन के चूर्ण का छिड़काव करें। इससे घाव जल्दी से भर जाता है।

5. ifj/kh; rf=dk 'kkFk – अर्जुन, असना, बिल्व की छाल के बारीक मिश्रण की बराबर मात्रा लेकर उन्हें सही तरह से मिला लें। 3 ग्राम चूर्ण को एक कप पानी के साथ खाली पेट लेने से परिधीय तंत्रिका शोथ संबंधी विकार दूर हो जाता है।

8- v'kksd

Saraca indica, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अशोक
बंगाली	– अशोक
अंग्रेजी	– Ashok Tree
गुजराती	– अशोक
हिंदी	– अशोक
कन्नड़	– अशोकदामारा, अशोकमरा, कांकलीमरा
कश्मीरी	– अशोक
मलयालम	– अशोकम्
मराठी	– अशोक
उड़िया	– अशोक
पंजाबी	– अशोक
तमिल	– अशोगम, अशोगु, अशोकम
तेलुगु	– अशोकपट्टा

औषधीय प्रयोग

1. vfrjr lko & 10 ग्राम अशोक की छाल को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई होने तक उबालें। इस काढें को छानकर रोजाना दिन में दो बार नियमित रुप से सेवन करें। आवश्यकतानुसार इसमें एक चम्मच शहद या गुड़ मिला लें। इससे अत्यधिक ऋतुस्राव (माहवारी के दौरान अतिस्राव) में लाभ मिलता है।

2. vfu;fer ekgokjh – अशोक, यष्टिमधु (इंडियन लिकोराइस), लज्जालु (लाजवन्ती) का चूर्ण बराबर मात्रा में लें। इस पूरे मिश्रण को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई रहने तक उबालें। इस काढ़े को छानकर नियमित रुप से दिन में दो बार माहवारी के 3–5 दिन पूर्व तथा 10 दिनों बाद तक सेवन करें।

3. ?kko – अशोक की छाल का काढ़ा तैयार कर इससे न भरने वाले घाव/छालों को धोएं।

4. eqg dh Nky – एक मुठ्ठी अशोक के पुष्प तथा आधी मुठ्ठी नारियल का गूदा लें तथा मिक्सर में अच्छी तरह से इसका चूर्ण बना लें। इसमें स्वादानुसार नमक, काली मिर्च करी पत्ते तथा धनिए की पत्तियाँ मिला लें। यह विधि गैस, मुँह के छाले संबंधी रोगों में लाभकारी है।

5. çnj – अशोक की छाल, आमल्की फल तथा नागकेसर पुंकेसर (Mesua ferrea) के चूर्ण को अच्छी तरह से मिला लें। 1–2 ग्राम चूर्ण का एक कप साफ धुले हुए चावल या मीठी छाछ में मिश्रण बना लें और इसका नियमित रुप से दिन में दो बार सेवन करें। इससे प्रदर में प्रभावकारी लाभ होता है।

9- v'oxa/kk ¼vlxa/k½

Withania somnifera, Solanaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	अश्वगंधा
बंगाली	–	अश्वगंधा
अंग्रेजी	–	Indian ginseng, Winter Cherry
गुजराती	–	असगंधा
हिंदी	–	अश्वगंधा
कन्नड़	–	अंगरबेरु, हिरेमद्दिना–गिड़ा
कश्मीरी	–	असगंधा
मलयालम	–	अमुक्कुरम
मराठी	–	असगंधा, अस्कगंधा
उड़िया	–	अश्वगंधा
पंजाबी	–	असगंध
तमिल	–	अमुक्करमकिझंगु
तैलुगू	–	पेन्नेरुगड्डा
उर्दू	–	असगंध

औषधीय प्रयोग

1. iu;kou – 5 ग्राम अश्वगंधा के मोटे चूर्ण को 200 मि०ली०. दूध में 100 मि.ली. रहने तक पकाएँ। इसे छानें तथा गुनगुने रहने पर इसका सेवन करें। इससे शरीर में ताकत के साथ पुनर्यौवन आता है।

2. o)koLFkk dh Fkdku – अश्वगंधा, कपिकच्चु (म्यूक्यूना प्रुरिएंस) तथा काले तिल का अच्छी तरह से मिश्रण बना लें। 5 ग्राम मिश्रित चूर्ण को गर्म दूध के साथ लें। इससे थकान, वृद्धावस्था संबंधी परेशानियाँ जैसे गठिया आदि दूर होती है।

3. vuqjk 'yf"ed 'kkFk ¼,yth½ – हल्दी, अदरक तथा अश्वगंधा के चूर्ण की बराबर मात्रा लेकर उन्हें सही से मिला लें। 5 ग्राम चूर्ण को दिन में दो बार भोजन से पहले दूध के साथ लें। इससे अनुर्जता श्लेष्मिक शोथ में कमी आती है।

4. 'kØk.k vYirk – 5 ग्राम अश्वगंधा की जड़ के चूर्ण को नियमित रुप से शहद तथा घी के मिश्रण के साथ दिन में दो बार लेने से विशेष रुप से शुक्राणु अल्पता तथा शुक्राणु संबंधी विकार दूर हो जाते हैं।

5. vfuæk – एक कप दूध में 5 ग्राम अश्वगंधा की जड़ के चूर्ण का मिश्रण बनाकर उसे नियमित रुप से सोने से पहले लें।

10- v'oRFk ¼ihiy½

Ficus religiosa,
Moraceae

औषधीय प्रयोग

1. ?kko – 400 मि.ली. पानी में 50 ग्राम पीपल के तने के छाल को 100 मि.ली. होने तक पकाया जाता है। इस गुनगुने मिश्रण से घाव को साफ किया जाता है। यह संक्रमित तथा गैर संक्रमित घावों के तुरंत उपचार में उपयोगी होता है। जड़ के छाल के बारीक पाउडर के इस्तेमाल से त्वचा संबंधी घावों से होने वाले स्राव को रोका जा सकता है।

2. eqg dh Nky – 5–6 कोमल टहनी के पेस्ट को मुंह में रखकर 5–10 मिनट चबाने से स्टोमेटिटीस से राहत/निजात मिलती है।

3. ,fDt ek – सुबह–सुबह ताजा लेटेक्स इकट्ठा किया जाता है और त्वचा के घावों पर लगाया जाता है। इससे अत्यधिक रंजकता एवं चेहरे के धब्बों से राहत मिलती है।

स्थानीय नाम

असमिया	– अहंत
बंगाली	– अश्वत्था, असूद्ध, अश्वत्था
अंग्रेजी	– Pipal tree
गुजराती	– पीपलो, जरी, पिपारो, पिपालो
हिंदी	– पीपाला, पीपल
कन्नीड़	– अर्लो, रंजी, बासरी, अश्वत्थानारा अश्वत्था, अरालिमारा, अरालिगीड़ा, अश्वत्थामारा, बसारी अश्वत्था
कश्मीरी	– बाड
मलयालम	– अरायल
मराठी	– पीपल, पिम्पल, पिपाल
उडिया	– अश्वत्था
पंजाबी	– पीपल, पिप्पल
तमिल	– अश्वारथान, अरासमारम, अरासन, अरासू, अरारा
तेलुगु	– रविचेट्ट

4. Y;dkfj;k – 100 मि.ली. दूध में 2 मि.ली. ताजे लेटेक्स (पौधे का दूध) मिश्रित कर सवेरे खाली पेट सेवन किया जाता है। इससे लम्बे समय से जारी ल्यूकोरिया में 120–130 दिनों के उपचार से स्थिरता आ जाती है।

5. iV nn ¼mnj 'k½ – अश्वत्थ की जड़ से बने 10 ग्राम काढ़ा (10 ग्राम छाल के पाउडर को 200 ग्राम पानी में तब तक उबाला जाए जब तक कि वह 50 मि.ली. न हो जाए) नमक और गुड़ के साथ मिश्रित कर प्रतिदिन दिन में दो बार सेवन करने से गंभीर पेट दर्द से निजात मिलती है।

11- vfLFkl gkjd ¼gM tkM½

Cissus quadrangularis,
Vitaceae

औषधीय प्रयोग

1. vfLFk Hkx – पौधे के तने को अस्थि भंग वाले भाग पर पट्टी बांधने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस पौधे के सत्त (रस) और तिल के तेल (1 भाग पौधे का रस और 4 भाग तिल का तेल) से तैयार तेल को अस्थिभंग वाले स्थान पर लगाया जाता है। शुष्क जड़ का चूर्ण 1–3 ग्राम की मात्रा में दिन में 2 बार दिया जा सकता है और इसे गरम पानी के साथ मिलाकर भी अस्थि भंग वाले स्थान पर लगाया जा सकता है।
2. vfu;fer ekfld /keZ – अनियमित मासिक धर्म में तने और पत्तियों के 15–20 मि०ली० सत्त (रस) को शहद के साथ मिलाकर दिन में 2 बार, 3 महीने तक लिया जा सकता है।
3. d.kZ 'kwy ¼dku dk nnZ½ – तने को हल्का गरम कर के उसका अर्क निकालें और इयर ड्रॉप के तौर पर उपयोग करें। इस अर्क की 2–3 बूंदें कान में डालने से कर्ण शूल मिटता है।
4. gìh dk VwVuk –शुष्क जड़ का चूर्ण 1–3 ग्राम की मात्रा में दिन में 2 बार दिया जा सकता है और इसे गरम पानी के साथ मिलाकर भी टूटी हुई हड्डी वाले स्थान पर लगाया जा सकता है।
5. vip ¼cngteh½ – पत्तियां, सौंठ और काली मिर्च को एक समान मात्रा में लेकर महीन चूर्ण बनाकर अच्छी तरह से मिलाया जाता है। इस मिश्रण को 5 ग्राम की मात्रा में भोजन से पूर्व गरम पानी के साथ दिन में 2 बार लिया जा सकता है।
6. tkMksa dk nnZ – हडजोड़ के तने को घी में तला जाता है और अस्थि भंग और गठिया के पुराने रोगों के उपचार में 10–15 ग्राम की मात्रा में दूध के साथ दिया जाता है।

स्थानीय नाम

असमिया	– हरजरा
बंगाली	– हड़जोरा
अंग्रेजी	– Eldt grape, devil's backbone, adamant creeper
गुजराती	– हडसंकाला
हिंदी	– हडजोड़
कन्नड़	– मंगराबल्ली
मलयालम	– चांगलमपारंडे
मराठी	– कंडवेल
उड़िया	– हड्भंगा
पंजाबी	– हड्डजोड़
तमिल	– पेरंदै
तेलुगु	– नल्लेरु
उर्दू	– हथजोड़

12- vkdkjdjHk ¼vDdydjk½

अनासिक्लस पैरेत्रम, अस्टेरसिया



स्थानीय नाम

बंगाली	– अकरकरा
अंग्रेजी	– पेल्लीटोरी
गुजराती	– अक्कलकरो, अक्कलगरो
हिंदी	– अक्कलकरा
कन्नड़	– अक्कलकरा, अकल्लकरा, अकलकरभा, अकल्लक होम्मुगुलु
मलयालम	– अकिकरुका, अक्रवु
मराठी	– अक्कलकरा, अक्कलकड़ा
ओडिया	– अकरकरा
पंजाबी	– अकरकरब, अकरकरा
तमिल	– अक्करका, अक्करकारम
तेलुगु	– अक्कलकरा
उर्दू	– अक्वाराक्वार्हा

औषधीय प्रयोग

1. uiqald rk – अक्कलकरा, अश्वगंधा, कपिकच्चु के चूर्ण को अच्छी तरह मिलाकर सोने से पहले 5 ग्राम दूध के साथ लेना फायदेमंद है क्यांकि यह कामोत्तेजक, कामेच्छा, उत्तेजक और शुक्राणु संबंधी क्रिया में बढ़ावा देता है।
2. fu;fer ekfld /kkj – 50 मि.ली. अक्कलकरा के काढ़े (10 ग्राम मोरी चूर्ण को 200 मि०ली० पानी में उबाल कर 50 मि०ली० होने तक) को दिन में दो बार लेने से नियमित रूप से मासिक धर्म होता है।
3. ydok – 500 ग्राम अक्कलकरा की जड़ के चूर्ण को मच्चु के साथ मिलाकर दिन में दो बार चाटने से लकवागस्त रोगी को फायदा होता है।
4. âan; jksx – बराबर मात्रा में अर्जुन की छाल एवं अक्कलकरा के चूर्ण मिश्रित करें। दिन में दो बार 3–3 ग्राम खुराक लेने से हृदय मजबुत होता है एवं हृदयघात से बचाता है।
5. 'okl e cnc – बराबर मात्रा में अक्कलकरा, भुनी हुई फिटकरी, काली मिर्च तथा नमक, मिलाकर, इसे महीन चूर्ण बनाकर, दंत पाउडर के रूप में उपयोग करें। यह मुंह से दुर्गंध को रोकने और सभी प्रकार के दांत और मसूड़ों की समस्याओं को ठीक करता है।
6. fljnn – अक्कलकरा की जड़ का पेस्ट बनाकर सिर पर लगाने से सिरदर्द ठीक हो जाता है।
7. fgpdh – 1 ग्राम अक्कलकरा के चूर्ण को मधु के साथ दिन में दो बार लें।

13- vkRexIrk ¼dkp½

Mucuna prurita, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– बनर ककुआ
अंग्रेजी	– Cowhage
गुजराती	– कवच, कौचा
हिंदी	– केवंच, कौंच
कन्नड़	– नसुगुन्ने, नसुगुन्नी
मलयालम	– नैकुरुना
मराठी	– खजकुहिली, कवच
उड़िया	– बैखुजनी
पंजाबी	– ततगजुली, कवच
तमिल	– पूनैक्कली
तेलुगु	– डूलागोन्डी, डूराडागोन्डी
उर्दू	– कंवच, कौंच

औषधीय प्रयोग

1. dkeksíhid – रात को 3 माह तक रात में बिस्तर पर जाने से पहले 100 मि०ली० गन्ने के रस के साथ 5 ग्राम बीजों का चूर्ण लेना एक बहुत ही शक्तिशाली कामोत्तेजक होता है।
2. ;kU jkx – प्रतिदिन दो बार 100 मि०ली० गाय के दूध में 3 ग्राम बीज का चूर्ण यौन रोग का इलाज करने में लाभदायक होता हैं।
3. fl;kfVdk – 200 मि०ली० पानी में 5 ग्राम जड़ का चूर्ण को 50 मि०ली० होने तक उबालें। सियाटिका में एक माह तक प्रतिदिन दो बार यह छना हुआ काढ़ा लें।
4. e=s e tyu – कपीकचू, शतावरी और गोक्षूरा चूर्ण को बराबर मात्रा में लें। 200 मि०ली० पानी में 10 ग्राम मिश्रण को 50 मि०ली० होने तक उबालें। गुर्दों की समस्याओं के लिए यह काढ़ा प्रतिदिन दिन में दो बार पीयें।
5. dEiokr ¼ikfdUlu dh chekjh½ – धीमी आँच पर 5 ग्राम कपीकचू चूर्णम को 5–10 मिनट के लिए दूध में पकाएं। इस में चीनी तथा एक चम्मच घी मिलाकर एक दिन में दो बार लेने से पार्किन्सन की बीमारी तथा पुरुष बांझपन के इलाज के लिए प्रयोग होता है। इस पौधे में प्राकृतिक डोपामाइन होता है। यह उच्चतम प्रबल कामोद्दीपक भी होता है। यह यौन इच्छा को बढाने, कामेच्छा में कमी, शुक्राणुओं की संख्या तथा वीर्य की गुणवत्ता को बढाने में मदद करता है।
6. e=k'k; ltu – जड़ों के मिश्रण को नियमित रूप से प्रभावित भाग पर लगाने से सूजन को कम करता है।

14- vkeydh ¼vkoyk½

Emblica officinalis, Euphorbiaceae



स्थानीय नाम

असमिया	– आमलाकु, आमलाखी, आमलाखु
बंगाली	– आमला, धातरी
अंग्रेजी	– Emblic, Myrobalan
गुजराती	– अम्बाला, आंवला
हिंदी	– आंवला, ऑनला
कन्नड़	– निलीकाई
कशमीरी	– एमबाली, आमली
मलयालम	– निलीक्का
मराठी	– अनवाला, अवालकठी
उडिया	– अनॉला, आईनला
पंजाबी	– आइला, आंवला
तमिल	– नेल्लीक्काई, नेल्ली
तेलुगु	– उसीरिका
उर्दू	– आंवला, अमलाज

औषधीय प्रयोग

1. çeg ¼e/keg½ – 25 मि.ली. आँवला के रस में 3 ग्राम हल्दी पाउडर मिलाकर दिन में दो बार भोजन के पूर्व लेने से प्रमेह, मूत्र विकार जैसे रोगों में गुणकारी है।
2. iu;kou – पुनर्यौवन के लिए प्रतिदिन ऑवला सेवन करने की अनुशंसा की जाती है। इससे ओज बना रहता है, दीर्घ जीवन, यौवन तथा रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि होती है।
3. vk[kksa dh chekfj;k – 3 ग्राम त्रिफला चूर्ण (आमलकी, हरीतकी) (टर्मिनालिया चिबुला) तथा विभीतकी (टर्मिनालिया बेलीरिका) को शहद और घी के साथ खाली पेट सुबह खाना चाहिए। यह नेत्र रोगों में लाभदायक होता है। प्रतिदिन सुबह आंवला शीतकषाय (10 ग्राम आंवला पाउडर, 100 मि.ली. गर्म पानी में रात भर रखना कोल्ड इन्फ्यूजन कहलाता है) से आँखें धोने से आँखों की ज्योति में वृद्धि होती है।
4. enfojpd – 10–15 ग्राम त्रिफला चूर्ण (आमलकी, हरीतकी) (टर्मिनालिया चीबुला) तथा विभीतकी (अर्मिनालिया बेलेरिका) को रात्रि के समय खाने के बाद गर्म पानी के साथ सेवन करें।
5. lQn cky ¼**Grey Hair**½ – 50 ग्राम मेंहदी की पत्तियाँ, 50 ग्राम आँवला और गुड़हर के 10 फूलों का पेस्ट बना कर सिर के बाहरी हिस्से एवं बालों पर सिर से स्नान करने के 1 घंटे पहले लगाएं। सप्ताह में एक या दो बार ऐसा किया जाना असामयिक सफेद बालों के लिए लाभदायक है।
6. vEyfiÙk – (एसिड पेप्टिक डिसआर्डर्स) समान मात्रा में आँवला फल, शतावरी की जड़ और शक्कर को मिलाकर महीन पाउडर बना लें, 5 ग्राम पाउडर, घी तथा शहद के साथ मिला लें, 40 दिनों तक खाली पेट सुबह सेवन करें।

15- vkjX/kk ¼veyrkl½

Cassia fistula, Caesalpiniaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– सोनारू
बंगाली	– सोंडला
अंग्रेजी	– Indian Laburnum, Purging cassia
गुजराती	– गरमाला, गरमालो
हिंदी	– अमलतास
कन्नड़	– अगरवधा, कक्के, कक्के गिड़ा, कक्केरनरा, कक्केदई, राजतरु
कश्मीरी	– क्रियांगल फली
मलयालम	– कोन्ना, क्रितामलम
मराठी	– बहवा, गरमाला, अमलतास
उड़िया	– सुनारी
पंजाबी	– अमलतास
तमिल	– सराकोंराई, सरक कोन्नई, सराक्कोनराई
तेलुगु	– रेला
उर्दू	– खियार साम्भर

औषधीय प्रयोग

1. nkn@[kt yh – प्रभावित त्वचा पर अमलतास की पत्तियों का महीन मिश्रण दिन में एक बार लगाने से दाद तथा खुजली में आराम मिलता है।
2. —fe lØe.k – 10 मि०ली० अमलतास की ताजा पत्तियों का रस 5–6 दिन तक खाली पेट सेवन करने से आंतों की कृमि (कीड़ों) से राहत मिलती है।
3. dCt – 15–20 ग्राम छाल को 100 मि०ली० पानी में एक चौथाई रहने तक उबालें। इस काढ़े को प्रतिदिन एक बार लेने से कब्ज, उदर का आफरा तथा पुराने रुधिर विकृति रोगों में आराम मिलता है।
4. tykc – 3–4 इंच के पके हुए मोटे बीज रहित फल का गूदा पूरी रात पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को थोड़े से गुड़ के साथ पीएं। ऐसा करने से 2–3 बार पेट के साफ होने पर गैसीय अफरे में आराम मिलता है।
5. ihfy;k – एक मुठ्ठी भर नरम पत्तियों की कलियाँ (पीले रंग वाले फूल) लेकर नमक, गुड़ या काली मिर्च के मिश्रण से उनका सूप बनाएं। यह सूप केवल हितकर आहार ही नहीं हैं, इससे पीलिया रोग में भी आराम मिलता है।
6. Lokn v{kerk – द्रव्य या अफीम का अधिक मात्रा में सेवन करने से स्वाद की संवेदना की क्षति होने पर इस फल का गूदा काफी कारगर होता है। 25 ग्राम फल के गूदे को 250 ग्राम गर्म दूध के साथ मिलाकर रोजाना इससे कुल्ला करें। इससे लाभ होगा।

16- vkorhuh ¼ejkM Qyh½

Helicteres isora,
Sterculiaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	–	Indian Screw Tree
हिंदी	–	मरोड़ फली
तमिल	–	वल्लिपिरी
तेलुगु	–	नुनिदाला गुबा तासा, गुवरदारा
गुजराती	–	मरादसिंग
उर्दू	–	मुर्मुरिया
मलयालम	–	ईश्वरमुरी
बंगाली	–	अन्तमोरा
कन्नड़	–	पेडामुरी

औषधीय प्रयोग

1. dku nnZ – इसकी कलियों को कूट कर अदरक के रस में मिला कर उबाला जाता है। इस प्रकार बने तेल की दो से तीन बूँदें कान के चुभन वाले दर्द तथा कान की अन्य बीमारियों में उपयोगी होती हैं।

2. fgpdh – हिचकी तथा ज्वर के लिए 4 – 6 ग्राम चूर्ण कलियों का शहद के साथ दिन में 2 बार उपयोग किया जाता है।

3. vfrlkj – कूटी हुई छाल तथा कलियों की 5 ग्राम मात्रा को 100 मि०ली० पानी में पका कर 25 मि०ली० किया जाता है। यह काढ़ा प्रतिदिन 2–3 बार दिया जाता है।

4. [kt yh – इसकी पत्तियों का लेपन कई तरह के त्वचा रोग जैसे, खुजली, एक्जीमा इत्यादि में कारगर है।

5. mnj'ky – 3–6 ग्राम फलों के चूर्ण को गर्म पानी के साथ प्रतिदिन दो बार लेना उदरशूल में उपयोगी है। इसके फल आँतों के समान दिखते हैं। ये फल मुड़े हुए होते हैं अतः पेट में होने वाले मरोड़ भरे दर्द में उपयोगी हैं।

6. d.M – कण्डु रोग में इसकी जड़ का लेप बाहर से लगाया जाता है।

17- b{k ¼b[k½

(Saccha rumofficinarum, Poaceae)

स्थानीय नाम

असमिया	– कुसीयर
बंगाली	– गन्ना
अंग्रेजी	– Sugarcane
गुजराती	– शेरडी, सेरडी
हिंदी	– ईख, गन्ना
कन्नड़	– काब्बू
मलयालम	– कारुम्बु, करिम्पु
मराठी	– ऊंष
उड़िया	– आखु
पंजाबी	– गन्ना
तमिल	– कारुम्बु
तेलुगु	– चेरुकु
उर्दू	– गन्ना, नैशकर

औषधीय प्रयोग

1. ihfy;k & पीलिया रोग में 2 गिलास गन्ने का ताजा रस पीना फायदेमंद है।
2. nkarksa dh fy, mÙke – गन्ने के रस का नित्य समयावधि में सेवन किया जाना चाहिए। इससे दांतों की अच्छी कसरत होती है और साथ ही दांत भी मजबूत होते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे दांत साफ रहते हैं और वे ज्यादा समय तक स्वस्थ रहते हैं।
3. e=k'k; dh iFkjh – गन्ने के रस का नित्य सेवन किया जाता है। वास्तव में यह एक प्राकृतिक मूत्रवर्धक है। यह न केवल मूत्राशय की पथरी को बाहर निकालने में सहायक है बल्कि यह पूरे शरीर की मूत्र प्रणाली को पोषण देता है।
4. xehZ ls jkgr – शरीर को ठंडा रखने के साथ–साथ गन्ने का रस शरीर को नमी प्रदान करता है। यह तापाघात के संभावित खतरे को कम करने में मदद करता है।
5. otu c<+kus dh fy, – वजन बढ़ाने के लिए प्रतिदिन एक गिलास गन्ने के रस का सेवन करने की सिफारिश की जाती है।
6. fgpdh – एक गिलास गन्ने के रस में 3 ग्राम सौंठ डालकर पीना हिचकी में फायदेमंद होता है।
7. lxxg.kh ¼ifp'k½ – आधा कप गन्ने का रस और आधा कप अनार का रस प्रतिदिन दो बार पीने से संग्रहणी (पेचिश) में फायदा होता है।

18- bUnzok : .kh ¼bUæk ;u½

Citrullus colocynthis,
Cucurbitaceae



स्थानीय नाम

बंगाली	– रखल ससा मुल
अंग्रेजी	– Colocynth, Bitter Apple
गुजराती	– इन्द्रवरण, इन्द्रायन, इन्द्रमनोआ, इन्द्रवरनोआ
हिंदी	– इन्द्रायन
कन्नड़	– हवुमेक्के, हवुमक्के, इन्द्रवरुणी, तुन्तीकाई, कदुकवड़ी
मलयालम	– वलियाकत्तुवेल्ल, वलिया पेक्कुमट्टी, चीयाकत्तुवेल्लरी
मराठी	– इन्द्रयाणा, इन्द्रवरणा
उड़िया	– गोथाकाकुक्टी, इन्द्रयानालता, गरुखिया
पंजाबी	– कौड़ातुम्मा, तुम्बी
तमिल	– पैकामट्टी, पैथुमट्टी, वरीथुम्मटी, अरुथुनुनट्टी
तेलुगु	– चेडु पुच्चा
उर्दू	– हंजल, इन्द्रायण

औषधीय प्रयोग

1. le; l igy gh ckyksa dk lQsn gksus tkuk – 50 ग्राम सूखे हुए बीजों के पेस्ट को तिल के तेल में उसकी सारी नमी खत्म होने तक पकाएं। इस तेल के नियमित रूप से खोपड़ी पर मालिश करने से, बालों के समय से पहले ही सफेद होने की समस्या दूर होने लगती है।
2. dCt – इसकी 1–3 ग्राम जड़ के चूर्ण को रोजाना सोने से पहले गरम पानी के साथ लेने से कब्ज, पेट की सूजन तथा मासिक धर्म आदि में आराम मिलता है।
3. fo"kkä Hkkstu – विषाक्त भोजन की स्थिति में इसके 2–3 ग्राम बीजों के चूर्ण को दिन में दो या तीन बार लें। इससे उल्टी में आराम होगा और संभावित खतरे को रोका जा सकेगा। मछुआरे इसका प्रयोग पर्याप्त मात्रा में करते हैं क्योंकि वे कई बार जहरीली मछलियाँ खाने से विषाक्त भोजन के शिकार हो जाते हैं।
4. ijksa ds Nkyus – मुठ्ठी भर सूखे बीजों को 500 ग्राम पानी में तब तक उबालें जब तक कि वह पानी का एक चौथाई नहीं रह जाए। इसके लिए साबुत फल का भी प्रयोग किया जा सकता है। बरसात के मौसम में पैरों के छाले तथा विवाई फटने (क्रक्स) पर इस काढ़े में 15–30 मिनट तक पैर डुबोकर रखने से आराम मिलता है।
5. vaMdks"k dk vkdkj c<+kuk – 3 ग्राम जड़ के चूर्ण को अरंडी के तेल में मिश्रण बनाकर गाय के दूध के साथ दिन में दो बार लेने से आराम मिलता है।

19- bUnoYyh ¼dkuQVh½

Cardiospermum halicacabum, Sapindaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	ज्योतिष्मती
अंग्रेजी	–	Ballon Vine, Heart's Pea
गुजराती	–	बोधा, कपालफोड़ी, शिवजाल, नयफटकी
हिंदी	–	कानफूटी, लताफटकी
कन्नड़	–	कनकय्या
मलयालम	–	उलिन्ना
मराठी	–	फटफटी
तमिल	–	मोदीकोट्टन, मुदकरुत्तन(सिद्धा), मुदुकोट्टन
तेलुगु	–	वेक्कुदुतिगा

औषधीय प्रयोग

1. lf/k 'kkFk – पत्तियों से तैयार किया गया तेल संधि शोथ में लेपन हेतु बहुत ही कारगर है।
2. dku nn – पत्तियों के रस की 2–3 बूँदें कान दर्द, कान से पीप निकलने पर उपयोग की जा सकती हैं।
3. coklhj – बवासीर के लिए इसकी पत्तियों या पूरे पौधे का काढ़ा (20 ग्राम मिश्रण को 200 मि०ली० पानी में तब तक उबालते हैं जब तक कि पानी 50 मि०ली० नहीं रह जाता) दिन में दो बार दिया जा सकता है।
4. çlokUkj nn[kHkky – सामान्य प्रसूता महिला को प्रसव के एक सप्ताह के पश्चात् इसकी पत्तियों का लेप पेट के निचले हिस्से में करने से गर्भाशय से सभी उच्छिष्ट पदार्थ निकल जाते हैं।

20- b|'oj h

Aristolochia indica,
Aristolochiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	जरवन्दे
बंगाली	–	ईशेरी
अंग्रेजी	–	Indian Birthwort, Serpent Root
गुजराती	–	रुहीमूल, ईश्वरीमूल
हिंदी	–	ईश्वरी
कन्नड़	–	ईश्वरीबेरु, टोप्पालू
मलयालम	–	कारालेयम
मराठी	–	सप्सन
उड़िया	–	गोपिकारों
तमिल	–	पेरुमारुन्दु, इच्छुरामुले
तेलुगु	–	इस्वरी, नल्लईस्वरि
उर्दू	–	जरावंद

औषधीय प्रयोग

1. dhVn'k – पत्तियों के पेस्ट को कीटदंश वाले भाग पर अच्छी तरह से लगाया या रगड़ा जाता है। कीटदंश और जहरीले सांप के काटने पर पत्तियों के 10–20 मि०ली० (रस) में काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर दिन में 6–7 बार दिया जाता है। पत्तियों का रस सभी प्रकार के विषाक्तदंश के लिए सर्वोत्तम औषधि है।

2. c[kj – बुखार, अतिसार (दस्त) आदि के लिए पूरे पौधे से निस्सारित सत्त (रस) की 5–10 मि०ली० मात्रा दिन में तीन बार दी जाती है।

3. tkM+k dk nn| – पूरे पौधे की पेस्ट बनाकर उसे अरंडी के तेल में हल्का गरम करके दर्दनाक जोड़ों पर लगाया जाता है।

4. nek ¼'okl jksx½ – विषाक्तता, दमा (श्वास रोग), खांसी और बुखार के लिए जड़ का चूर्ण 3 ग्राम की मात्रा में शहद के साथ दिया जाता है।

5. jäkYirk ¼[kqu dh deh½ – 5 ग्राम पत्तियों का चूर्ण पानी के साथ दिन में 2 बार लेना रक्ताल्पता में हितकारी है।

6. fljnn| – पत्तियों के पेस्ट को हल्दी के साथ मिलाकर दिन में 2 बार ललाट (माथा) पर लगाया जाता है।

21- ,Mx tk ¼nknenlu½

Cassia alata,
Caesalpiniaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	–	Candle Bush, Ringworm Shrub
हिंदी	–	दादमर्दन, प्रपुन्नाद
तमिल	–	सीमाईअगथी
मलयालम	–	सिमायाकट्टी, मलमटकारा आनट्टकारा
कन्नड़	–	सिम आगसे
मराठी	–	शिमाई आगसे
तेलुगु	–	अविसिसेट्ट, मेट्टा–तमारा, सीमा अविसे
उर्दू	–	एर्गाज

औषधीय प्रयोग

1. Qxy lÙe.k – पत्तियों का लेप संक्रमित भाग पर लगाया जाता है। यह दाद को कम करने में बहुत ही असरदार है।

2. QVh ,Mh – नारियल तेल या तिल के तेल में मिलाकर बनाया गया पत्तियों का लेप फटी एड़ियों को भरने में बहुत ही असरदार है।

3. :lh – बारीक पिसी पत्ती, नींबू के रस के साथ मिलाकर सिर पर 30 मिनट लगाएं। तत्पश्चात सौम्य हर्बल शैम्पू से बाल धो लें।

4. ?kko – पत्तियों तथा छाल के लेप का प्रयोग बहुत ही असरदार तरीके से घाव भरता है।

5. dCt – शहद के साथ 3–5 ग्राम फूलों का चूर्ण एक अच्छे मृदु विरेचक की तरह काम करता है।

6. ,¶Fkl vYlj – पत्तियों के काढ़े से गरारे करें (1 मुट्ठी पत्तियों को 100 मि०ली० पानी में तब तक उबालें जब तक यह 25 मि०ली० ना हो जाए।)

22- ,j.M ¼vj.M½

Ricinus communis,
Euphorbiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– ईडा, इरा
बंगाली	– बेहेरेन्दा
अंग्रेजी	– केस्टर आइल प्लान्ट
गुजराती	– इरान्डिओ, इनरान्डो
हिंदी	– अरण्ड, इरण्ड, अन्डी, रेन्ड
कन्नड़	– हरालु, ओडाला गिडा
कश्मीरी	– अरन, बनानगीर
मलयालम	– अवानाकु
मराठी	– इराण्ड
उड़िया	– जाडा, गाबा
पंजाबी	– अरिन्ड
तमिल	– अमानाकु
तेलुगु	– अमुदापु विरु
उर्दू	– बेदांजीर, अरण्ड

औषधीय प्रयोग

1. ihfy;k – 5 ग्राम नरम पत्तियों का महीन पेस्ट अलसुबह खाली पेट लेने से पीलिया में आराम मिलता है।
2. tkM+ksa dk nnZ – परिपक्व हुई पत्तियों के लेप को छोटे रवेदार नमक के साथ मिलाकर गर्म करे और इसका गुनगुना लेप मांसपेशी की सूजन तथा जोड़ों पर लगाएं। यह सूजन तथा दर्द को कम करता है।
3. v.Mdks"k e¡ of) – 10 मि.ली. अरण्डी का तेल एक कप दूध में मिलाकर एक माह तक प्रतिदिन रात्रि भोजन के पश्चात लेना गुणकारी है।
4. x`/klh – 10 ग्राम जड़ के चूर्ण को 100 मि.ली. दूध में उबालकर इसे आधा कर लें तथा प्रतिदिन दो बार गृध्रसी (साइटिका) के दर्द के निवारण के लिए सेवन करें। इससे कब्ज में भी राहत मिलती है।
5. mnj'kwy – अरण्डी की पूरी पत्ती और तिल के तेल का लेप करें तथा थोड़ा सा गर्म कर इसे पेट (नाभि) पर लगाया जाए तो इससे उदरशूल में राहत मिलती है।
6. –fe lØe.k – 2 ग्राम पलाश (बीयूटीआ मोनोस्पर्मा) बीजों के चूर्ण को 10 मि.ली. अरण्डी के तेल के साथ रात्रि में सोने के पूर्व लिया जाए। इस औषध से सूक्ष्म कृमि से 3–4 दिनों में राहत मिल जाती है।
7. nq/kZyks.k – दूध पिलाने वाली माताओं के मामले में पत्तियों को गर्म कर स्तन पर पट्टी के रूप में दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए लगाएं। यह स्तन के फोड़े में भी गुणकारी है।

23- ,j.Mdd\Vh ¼i ihrk½

Carica papaya,
Caricaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	पपेया, पप्पीया
अंग्रेजी	–	Papaya, Melon tree, Pawpaw
गुजराती	–	एरंडाकाकड़ी, पपयी, पपीता
हिंदी	–	पपीता
कन्नड़	–	परंगी, पपाय
मलयालम	–	करमासु, पपाय, करुमत्ती
मराठी	–	पपाया, पपयी
पंजाबी	–	एरंडखरबूजा
तमिल	–	पप्पली
तेलुगु	–	बोप्पयी, बोब्बासी, परंगी

औषधीय प्रयोग

1. —fe lØe.k – कच्चे पपीते का 30 मि०ली० अर्क (रस) शहद के साथ दिन में एक बार एक सप्ताह तक लेना फायदेमंद है और यह आंत्र कृमियों के उपचार में सहायक है। उबले हुए फल के नियमित सेवन से कृमि विशेषकर पिन–कृमि शरीर से निष्काषित हो जाते हैं।
2. vfu;fer ekfld /keZ – कच्चे पपीते का नियमित सेवन किया जा सकता है। कच्चा पपीता गर्भाशय टॉनिक का कार्य करता है और प्रजनन अंगों से संबन्धित रोगों का उपचार करता है। तथापि, गर्भावस्था के दौरान फल का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे गर्भपात हो सकता है।
3. pgjk jl dk – पके हुए पपीते के गूदा को ताजा दूध में मिलाकर तैयार किया गया मिश्रण एक बेहतरीन फेस पैक है। यह त्वचा को नमी प्रदान करता है और धब्बों को हटाता है।
4. c[kkj – पपीते को अच्छी तरह से धोकर उसके मध्य भाग को अलग कर दें और फिर पानी के साथ मिलाकर उसका रस निकाल लें। 8–10 मि०ली० अर्क (रस) दिन में 3–4 बार ले सकते हैं। यह प्लेटलेट की सामान्य संख्या को बहाल करने में मदद करता है और डेंगू बुखार को कम करता है।
5. u=jksx – पपीते में विटामिन–सी और कैरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो आँखों को आयु संबंधी दागदार अपक्षयी रोगों और दृष्टि दोष को रोकता है।
6. lxg.kh ¼iphl½ – पपीते के बीज के चूर्ण की 3 ग्राम मात्रा को गरम पानी के साथ भोजन से पहले दिन में दो बार लेना हितकर है क्योंकि इसमें जीवाणुरोधी गुण होते हैं।

24- dVqdk ¼dVdh½

Picrorhiza kurroa, scrophulariaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– कटकी, कुटकी
बंगाली	– कटकी, कुटकी, कुरु
अंग्रेजी	– Hellebore
गुजराती	– कडु, कटु
हिंदी	– कुटकी
कन्नड़	– कटुका रोहिनी, कुटुका रोहिनी
मलयालम	– कडुक रोहिनी, कटुका रोहिनी
मराठी	– कुटकी, कालीकुटकी
उड़िया	– कटुकी
पंजाबी	– कार्रू, कौर
तमिल	– कटुका रोहिनी, कटुकु रोहिनी, कडुगुर रोहिनी
तेलुगु	– करुकारोहिनी
उर्दू	– कुटकी

औषधीय प्रयोग

1. QVh fyoj ¼Liver½ – 2–3 ग्राम कटुका की जड़ के चूर्ण को गुनगुने पानी के साथ दिन में दो बार, तीन महीने तक लेने से फैटी लिवर(स्पअमत) में आये परिवर्तनों को पुनः ठीक करता है।
2. Åijh 'olu uyh e lØe.k – कटुका की जड़ के 1 ग्राम चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर दिन में 4–5 बार चाटें। यह विशेषतौर से बच्चों में ऊपरी श्वसन नली संक्रमण और कफ की अधिकता जैसी स्थिति में गुणकारी है।
3. Toj – 2 ग्राम कटुका चूर्ण को 100 मि.ली. पानी में एक चौथाई मात्रा होने तक उबालें यह काढ़ा ज्वर, ईओसिनोफीलिया तथा सर्दी में लाभदायक है। शहद अथवा गुड़ को सह औषधि के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है।
4. gkbi dkyLVªky – कटुका तथा हल्दी चूर्ण को समान मात्रा में अच्छी तरह मिलाकर 3 ग्राम मात्रा गुनगुने पानी के साथ दिन में दो बार लेने से हायपरलिपिडिमिया के उपचार में बहुत प्रभावी पाया गया है।
5. tBj 'kkFk ¼xLVªkbfVl½ – 2 ग्राम कटुका चूर्ण को शक्कर के साथ मिलाकर प्रतिदिन दो बार भोजन के पश्चात लेना अम्ल पित्त में लाभदायक है। यह आंत की सूजन को कम करता है तथा अल्सर को ठीक करता है।

25- dnyh ¼dnyk½

Musa paradisiaca,
Musaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– कल, तल्हा
बंगाली	– केला, काला, कांच काला, कोदाली
अंग्रेजी	– Banana
गुजराती	– केला
हिंदी	– केला
कन्नड़	– बेल गद्दे
मलयालम	– वझा
मराठी	– केला
उड़िया	– कदली, कदीला
1. [ku dsljkFk Mk;fj;k – नागकेसर की डाल का 3 ग्राम चूर्ण प्रतिदिन दो बार गर्म पानी के साथ लेना इसका बहुत ही बढ़िया उपाय है।
2. coklhj – 2–3 ग्राम नागकेसर के पराग को घी के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं। बवासीर के मामले में मलद्वार के पास इसे लगाएं। बवासीर के कारण भारी रक्तस्राव को रोकने के लिए इसी दवा की तीन ग्राम की मात्रा को आंतरिक रूप से प्रतिदिन एक या दो बार लगाया जाता है।
3. çlokÅkj n[kHkky – नागकेसर के पराग तथा सौंफ के बीज की समान मात्रा (प्रत्येक 3 ग्राम) का महीन चूर्ण या काढ़ा बनाया जाता है। इसे लगातार तीन–चार दिन तक प्रतिदिन दो बार लेना है। यह गर्भपात अथवा प्रसव के बाद गर्भाशय को साफ करने में मदद करता है।
4. tyuk – बीज के तेल को नारियल तेल के साथ 1:4 के अनुपात में मिलाकर जले स्थान पर लगाया जाता है। यह घाव को भरता है तथा त्वचा पर जलने का निशान नहीं रहने देता है।
5. Ropk dh ped – नागकेसर के पराग की थोड़ी मात्रा पानी के साथ अच्छे से मिलाएं तथा इसमें रक्तचंदन मिलाएं। चेहरे को अच्छे से साफ करने के बाद इस पेस्ट को लगाएं। इसका नियमित प्रयोग चमकदार त्वचा पाने तथा गहरे दागों को दूर करने में मदद करता है।
6. Y;dkfj;k – तीन ग्राम नागकेसर के पराग को एक कप छाछ के साथ प्रतिदिन दो बार लें तथा भोजन में छाछ लेना जारी रखें।

59- ukxoYyh ¼iku½

Piper betle,
Piperaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	पान
बंगाली	–	पान
अंग्रेजी	–	Betle leaf
गुजराती	–	पान
हिंदी	–	पान
कन्नड़	–	वीलयादले एले
मलयालम	–	वेट्टिला
मराठी	–	पान, नागवोल विद्याचेपान
पंजाबी	–	पान
तमिल	–	वेट्टिलै
तेलुगु	–	तामलापाकु, तामूलपाकु
उर्दू	–	पान

औषधीय प्रयोग

1. iV nn] – दो–तीन पान के पत्ते पर रेडी का तेल लगाकर, मोमबती या लैम्प की लौ में थोड़ा गर्म करें। इस पत्ते को पेट पर रखें। अधिक गर्म करने की कोशिश न करें। पुनः 3–4 मिनट में इस प्रक्रिया को दुबारा करें।

2. lkl dh nqxZ/k – खाना खाने के बाद पत्ते को चबाने से सांसों की दुर्गंध को कम करने के साथ – साथ भोजन को पचाने में भी मदद करता है। इससे पाचन रस में वृद्धि, पेट की सूजन में कमी, मुंह की सफाई एवं कब्जीयत में कमी होती है।

3. ?kko – पत्ते को पीसकर, इस रस को घाव पर लगाकर पान के पत्ते को पट्टी से लपेट कर बांध दें।

4. tyu – जले हुए भाग पर पत्ते एवं मधु के मिश्रण को लेप की तरह प्रयोग करें।

5. xyk esa [kjk'k – 5 पान के पत्ते के रस एवं 5 ग्राम लिकोरीन चूर्ण को एक ग्लास गर्म पानी में मिलाकर, कुल्ला करने से गले की खराश में आराम मिलता है। संगीतकार अपने स्वरतन्त्री को स्वस्थ रखने के लिए इस मिश्रित पानी का प्रयोग प्रायः करते हैं।

6. [kkalh – थोड़ा गर्म सरसों के तेल में पान के पत्ते डालकर उसे छाती पर हल्के दबाकर रखने से खांसी एवं बच्चों में सांस लेने की समस्या कम हो जाती है।

60- ukfjd[y ¼ukfj;y½

Cocos nucifera,
Arecaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– खोपरा
बंगाली	– नारिकेल
अंग्रेजी	– Coconut Palm
गुजराती	– नालियर, नारिएल, श्रीफल, कोपरुन
हिंदी	– नारियल, गोला
कन्नड़	– खोब्बारी, तेंगनामरा, तेमलु, टेंगु, थेनगीनामारा
मलयालम	– नारिकेलम, तेन, टेंगा, केरम
मराठी	– नारल
उड़िया	– नारियल
पंजाबी	– नरेल, खोपरा, गरीगोला
तमिल	– तेनकई, कोप्परिया
तेलुगु	– नारिकेलमु, तेंकाय, कोब्बरी
उर्दू	– नर्जिल, नारियल

औषधीय प्रयोग

1. xnZ dh iFkjh – गुर्दे की पथरी में नारियल के फूल की 2 ग्राम पेस्ट दही के साथ दिन में एक बार लेना कारगर है।
2. çlokoZj n[kHkky – फूलों से तैयार Lehyam (एक प्रकार का जैम) गर्भाशय के स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है, प्रसव के बाद रक्तस्राव को नियंत्रित करता है और माताओं के लिए दुग्धकारक के रूप में काम करता है।
3. Mk;ij iguus ls gkus okys ykyp dksa – शिशु के शरीर की नारियल के तेल से नियमित मालिश त्वचा रोगों और डायपर पहनने से होने वाले लाल चकत्तों को रोकता है। नारियल का तेल एक असरदार नमी प्रदायक (मोइश्चराइजर) है। नारियल का तेल त्वचा पर पपड़ी जमने और त्वचा के शुष्क होने, शुष्क एक्जिमा, झुर्रियों, त्वचा का लटकना, त्वचा पर सूजन, खुजली, कीटदंश, दाग संक्रमण आदि को रोकता है।
4. tyu ds lkFk ckj&ckj i'kkc vkuk – कच्चे नारियल के पानी का नियमित सेवन मूत्रवर्धक का कार्य करता है, मूत्रमार्ग के संक्रमण की रोकथाम करता है और गुर्दे की पथरी को बाहर निकालने में मदद करता है। कच्चे और हरे नारियल का पानी विभिन्न औषधियों की एक महत्वपूर्ण सह–औषधि है।
5. cky dk fxjuk ;k >Muk – नारियल के तेल की मालिश सिर के लिए उत्तम है और इससे बालों की वृद्धि में सुधार होता है।
6. vfrlkj ¼nLr½ – कच्चे नारियल का पानी शरीर में द्रव संतुलन को बनाएं रखने में मदद करता है और निर्जलीकरण, विशेषकर अत्यधिक गर्मी या अतिसार (दस्त), मलेरिया, टाइफाइड, चेचक आदि रोगों की रोकथाम करता है।
7. el<+ks ls [kwu cguk – मसूढ़ों के रक्तस्राव के उपचार और मसूढ़ों को मजबूत बनाने के लिए नारियल के खोल को जलाकर उसमें कपूर मिलाकर महीन चूर्ण बना लें और उससे मसूढ़ों की मालिश करें।

61- fuc ¼uhe½

Azadirachta indica,
Meliaceae.

औषधीय प्रयोग

1. j ä 'kk/ku – नीम पत्ते रक्त को शुद्ध करने में सहायक हैं। रोगी को प्रतिदिन सुबह 10–12 नीम के पत्ते चबाने चाहिए या फिर ताजे नीम के पत्तों का आधा कप रस लेना चाहिए।

2. e/k eg – एक कप नीम की पत्तियों के रस में एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर खाली पेट प्रत्येक सुबह अवश्य लेना चाहिए। इसका सेवन तीन माह तक करें। यह रक्त शर्करा को घटाने तथा मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभकारी है।

3. ?kko– नीम की पत्तियों का चूर्ण शहद के साथ मिलाकर घाव पर लगाएं।

4. egk Ì – नीम की ताजी पत्तियों को कूटकर मुंहासों पर लगाएं।

स्थानीय नाम

असमिया	– महानीम
बंगाली	– नीम, नीमगाछ
अंग्रेजी	– Margosa Tree
गुजराती	– लिंब, लिंबाडो, लिमाडो, कोहुंबा
हिंदी	– नीम, निंब
कन्नड़	– निंब, बेवु ऑयलवेक, काहिबेवु, बेविनामा
मलयालम	– विपु, आर्यविपु, निंबम, वेप्पा
मराठी	– बालंतानिंब, लिंब, बकयन, निम, कादुनिंब
उड़िया	– निंब
पंजाबी	– निंब, बकन, निम
तमिल	– वेम्मु , वेप्प, अरूलुंद्री, वेप्पन
तेलुगु	– वेम, वेपा
उर्दू	– नीम

5. fi Ùkh – 3 ग्राम नीम की पत्तियों के पेस्ट व 3 ग्राम आंवले के रस को घी में मिलाकर नियमित रूप से दो बार सेवन करने पर पित्ती में लाभकारी होता है।

6. f l j d t¸, – सिर पर नीम के तेल की नियमित मालिश जुंओं को दूर करने के साथ रूसी की भी रोकथाम करता है।

7. ePNj jk/kh – घर में नीम की पत्तियों अथवा इसके सभी भागों को घी में मिश्रित कर धुआं करने से मच्छर दूर रहते है।

62- fuxq.Mh

Vitex negundo, Vrbinaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– असलाक
बंगाली	– निर्गुझडी, निशिन्दा
अंग्रेजी	– Five Leaved Chaste Tree
गुजराती	– नागौड़
हिंदी	– निर्गुण्डी, सिन्दुआर, सम्भालु
कन्नड़	– लक्कीगिडा, नेक्कीगिडा
मलयालम	– इन्द्राणी, निर्गुण्डी
मराठी	– निर्गुण्डी
पंजाबी	– सम्भालु, बन्ना
तमिल	– करूणोच्ची, नोच्चि
तेलुगु	– नल्लवविल्ली, वविल्ली
उर्दू	– सम्भालु, पंजागुष्ठ

औषधीय प्रयोग

1. tkMk dk nn& –निर्गुण्डी के 20 पत्ते लेकर इसे छोटे–छोटे टुकड़ों में काटें। इन्हें एक पैन में रखें, शीशम का तेल मिलाकर पत्तों को थोड़ा गर्म करें तथा जोड़ों पर सूती कपड़े की पोटली से इसे लगाएं। इस प्रकार के पुल्टिस दर्द तथा सूजन को दूर करने में कारगर है।
2. [kklh – निर्गुण्डी के पत्तों का काढ़ा (10 ग्राम पत्तों का पेस्ट 100 मि.ली. पानी के साथ मिलाकर उबालते हुए एक चौथाई किया हुआ) प्रतिदिन दो या तीन बार लेने से खाँसी, गले की खराश, ज्वर, आदि में फायदा होता है।
3. t[e – निर्गुण्डी के पत्तों का ताजा काढ़ा (20 ग्राम पत्तों का पेस्ट 200 मि.ली. पानी के साथ मिलाकर उबालते हुए एक चौथाई किया हुआ) जख्म को साफ करने तथा इसे जल्दी भरने में मदद करता है।
4. ukd dk ikyhIl ¼**Nasal Polyps**½ – इसके फलों का तीन ग्राम पाउडर गर्म पानी के साथ प्रतिदिन एक बार नाक के अंदर लगाने से नाक की नली के अवरोध विशेषकर राइनाइटिस तथा नेजल पौलीप्स को दूर करता है।
5. ihB d fupy fgLl dk nn& – निर्गुण्डी पत्तियां 50 ग्राम, शीशम का तेल 200 मि०ली० तथा 800 मि०ली० पानी या पत्तियों का काढ़ा/ताजा रस एक साथ लें तथा तेल को नमीमुक्त होने तक पकाएं। इसे जोड़ों या दर्द की जगह पर लगाने से यह बहुत बढ़िया दर्द निवारक का काम करता है।
6. ePNjj k/kh – घर पर निर्गुण्डी की सूखी पत्तियों का धुआँ लगाने से मच्छर भागते हैं।
7. frYyh c<+uk – तिल्ली बढ़ने पर पत्तियों का 20–30 मि०ली० रस इतनी ही मात्रा में गौमूत्र के साथ मिलाएं तथा इसे 2 से 3 माह तक प्रातःकाल में लेना चाहिए। तिल्ली में सूजन वाली जगह पर पत्तियों का लेप लगाने से भी फायदा होता है।
8. çlo lEc/kh fodkj – निर्गुण्डी की पत्तियों का 3 ग्राम पेस्ट, लहसुन की कलियों का 3 ग्राम पेस्ट, 3 ग्राम सोंठ का चूर्ण तथा 2 ग्राम पिप्पली चूर्ण को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० होने तक उबालें। प्रसव के बाद 15 दिनों तक प्रतिदिन एक बार इस काढ़े को पीने से प्रसव की अवधि के सारे विकार दूर हो जाते हैं।

63- i.kch t ¼iFkj NV½

Bryophyllum Pinnatum,
Crassulaceae



स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Good luck leaf, Life plant, American Life Plant, Miracle Leaf
हिंदी	– पथरछट्टम, पथर्छूर, पथर छट
बंगाली	– कोप्पट, पथरकुछी, गट्टपुरी, कफपटा, कोप्पटा, पथोरकुची
कन्नड़	– काडुबसाले, दडबाडिके, पत्रजीवा
मलयालम	– एलचेडी, एलमुलची, इलमरुन्नु, इलमुलची
तेलुगु	– रणपला
तमिल	– रुण कळ्ळी रणककळ्ळी
यूनानी	– जख्म – हयात, जख्म – ए – हयात, पत्थरछूर, पत्थरछत

औषधीय प्रयोग

1. ;fjufj dyd;h – पर्णबीज के 10 ग्राम पत्ते के पेस्ट को 100 मि.ली पानी के साथ दिन में दो बार लें। 100 मि.ली पर्णबीज के काढ़े के साथ 500 मि.ग्रा. शिलाजीत, 2 चम्मच शहद मिलाकर पीने से भी राहत मिलेगी।
2. QkMk – इन पत्तों को थोड़ा गरम करके मसलना है। इसे प्रलेप के रूप में प्रभावित भागों में बांध लें। यह फोड़े, सूजन आदि से राहत दिलाती है।
3. fljnn – पत्ते को मसलकर माथे पर लगाएं। यह सिरदर्द का कारगर इलाज है।
4. ?kko – पत्ते को हलके से गरम करके कुचलकर घाव के ऊपर बांधने से घाव जल्दी ठीक हो जाता है तथा कोई निशान भी नहीं रहता। यह कीड़े के काटने, खरोंच, फोड़े और त्वचा के अल्सर (व्रण) से भी राहत दिलाता है।
5. jDr lko nLr – 3–6 ग्राम पर्णबीज पत्तों के रस को जीरे तथा दुगुना घी के साथ मिलाकर पीड़ित को दिन में 3 बार पिलाएं। यह दस्त में रक्तस्राव को नियंत्रित करता है।
6. lnh – 3 पत्तों को गरम कर उसका रस निकाल लें। इसमें 2–3 चम्मच शहद मिलाएं और चुटकीभर नमक डालें। इसका आवश्यकतानुसार दिन में 3 बार सेवन करें।
7. tkMk dk nn – 7 पत्तों का पुल्टिस बना लें। इस पुल्टिस को प्रभावित जगह पर लगाएं। ताजे पुल्टिस को दिन में दो बार सुबह–शाम अथवा आवश्यकतानुसार लगाएं।

64- i.k;okuh ¼iÙkk vTou½

Coleus Amboinicus, Lamiaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Cuban Oregano, Indian borage, Indian mint, Mexican mint
हिंदी	– पत्ता अज्वैन
मराठी	– पथुर्चूर
तमिल	– कर्पूरवल्ली
मलयालम	– पनिक्कुर्का, कन्निकुर्का
तेलुगु	– कर्पूर वल्ली, वामु आकु
कन्नड़	– कर्पूर हल्ली, दोड्ड पत्री, दोड्ड पत्री सोप्पु

औषधीय प्रयोग

1. [kkalh – 5 पर्णयवानी और 10 तुलसी के पत्ते को पीसकर 100 मि.ली. पानी में 5–10 मिनट उबालना है। ठंडा होने के बाद 2 चम्मच शहद के साथ लेने से सूखी खांसी से राहत मिलती है।

2. mnj'ky – 20 मि.ली. पानी में 4 पत्तों को पीसकर पीने से पेट दर्द से राहत मिलेगी।

3. ePNj fod"kd– इन पत्तों को पीसकर कमरे के कोने में रखने से प्राकृतिक विकर्षक बन जाता है। अज्वैन के बीजों का पेस्ट बनाकर अथवा पत्ते को सरसों के तेल में डालकर कमरे के कोने में रखने से मच्छरों का प्रवेश नहीं होता।

4. nek – मुट्ठी भर अज्वैन के बीजों को पानी में उबालकर भाप लेना दमा का प्रभावी नियंत्रक उपाय है।

5. egkl – दही के साथ इन पत्तों के पेस्ट को लगाने से मुंहासों को प्रभावी रूप से खत्म कर सकते हैं।

6. Nkrh HkhM – अज्वैन के रस और शहद को समान अनुपात में लेकर, चुटकी भर सोंठ के पाउडर और काली मिर्च पाउडर के एक साथ मिलाएं। इस मिश्रण को दिन में 2 बार सेवन करने से छाती के जमाव से राहत मिलेगी।

7. dhM dkV – मधुमक्खी, कीड़ों के काटने में तथा त्वचा की समस्याओं के लिए अज्वैन का उपयोग किया जा सकता है। इन पत्तों को मसलकर त्वचा के प्रभावित स्थान पर लगाएं।

65- iykaM¡ ¼I;kt½

Allium cepa,
Liliaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Onion
हिंदी	– प्याज, पियाज, पियाज
कन्नड़	– ईरूली, इरूली, कुनबली, नीरूली, उल्लागड्डी
मलयालम	– बवाग, सोरियौलि, कुवान्नुली, इरूली
मराठी	– कमदो, कन्दा, कान्दा, पियाव
तेलुगु	– उल्लीग्द्दा, एरराग्द्दालु

औषधीय प्रयोग

1. [kuh cokl hj– 20 मि०ली० कच्चे सफेद प्याज के रस को रोजाना सुबह खाली पेट पीएं।
2. mPp jäo lk – आधा कप कच्चे प्याज के रस को एक चम्मच शहद तथा अदरक के रस के साथ सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है।
3. vk[kksa dh –f"V e of) – 10 से 15 मि०ली० प्याज के रस को आँखों में रोज डालने पर दृष्टि में सुधार होता है।
4. dQ – घी में भुने प्याज के टुकड़ो का सेवन कफ के उपचार में सहायक है।
5. ukd l jä lko – सफेद प्याज के रस की 2–3 बूंद नासिका छिद्रों में डालें।
6. nar{k; – क्षय हो रहे दांतों पर तथा मसूड़ों की जलन में प्याज का पेस्ट लाभदायी है।

66- iyk'k ¼Vsl½

Butea monosperma,
Fabaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– पलाश गच्चा, पलाश, पलास
अंग्रेजी	– Bastard Peak
गुजराती	– केसुडो, खाखरो, खाखापड़ो
हिंदी	– धाक, टेसू
कन्नड़	– मुत्तुग, मुत्तुगा, मुत्तला
मलयालम	– प्लासु, कामाता, प्लास,चामा था
मराठी	– पलास
पंजाबी	– पलाश, धाक, टेसू
तमिल	– पुरसु, पारस
तेलुगु	– मोदुग, मोदुगु, चेत्तु,
उर्दू	– धाक, पलासपापड़ा

औषधीय प्रयोग

1. ekgokjh dh vfu;ferrk – 10–15 ग्राम पलाश की छाल लेकर इसका काढ़ा बनाया जाता है। इसे माहवारी की अनुमानित तिथि से 12 से 14 दिन पहले से दिन में दो बार लिया जाता है। इसे माहवारी शुरू होने तक लेते रहना है। इस दवा को लगातार तीन चक्र तक लेते रहें। 160 ग्राम पलाश के फूलों को इसकी दुगुनी मात्रा में चीनी के साथ मिलाकर प्रतिदिन दो बार दूध के साथ लेना भी मासिक की अनियमितता में लाभकारी है।
2. iVV dh dhM़ – पलाश के बीज का चूर्ण बच्चों के लिए 1–2 ग्राम तथा वयस्क के लिए 4–5 ग्राम की मात्रा में गर्म पानी से लें। यह बार–बार पेट के कीड़े होने की परेशानी को दूर करता है।
3. coklhj – 2–3 ग्राम पलाश की राल या धूना (पेड़ के तने से निकाला गया) लेकर इसे गर्म पानी के साथ मिलाकर विशेषकर बच्चों को दिया जाता है। यह बवासीर को दूर करने में बहुत प्रभावी है।
4. Ropk dk jax fcxMuk – जिस जगह की त्वचा का रंग बिगड़ गया हो वहाँ पलाश के ताजे फूलों का पेस्ट नियमित रूप से प्रतिदिन दो या तीन बार लगाएं। यह त्वचा का असली रंग लाने में मदद करता है।
5. ukd cn gkuk – चुटकी भर नमक के साथ पलाश की 10–20 ग्राम छाल का काढ़ा बनाकर इसका प्रयोग नाक बंद होने की समस्या में असरकारी है।

67- ikfj"k ¼dihruk½

Thespesia populnea,
Malvaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	गजशुंडी, परसपीपुला
अंग्रेजी	–	Portia Tree, Umbrella Tree
गुजराती	–	पारसपिपलो
हिंदी	–	पारसपिपल
कन्नड़	–	हूवरसी
मलयालम	–	पुनावसु, पुष्परुत्ति
मराठी	–	परसा पिंपला
तमिल	–	चिलन्ती, पुनरासु
तेलुगु	–	गन्यारावी, मुनिगंगरावी

औषधीय प्रयोग

1. ?kko – पत्तियों का पेस्ट घाव पर लगाकर पट्टी से बांधा जाता है। घाव को साफ करने के लिए छाल का काढ़ा प्रयोग में लाया जाता है।

2. [kkt – खुजली एवं खाज जैसे चर्मरोग के लिए फूलों का पेस्ट लगाया जाता है।

3. tkMk e nn – पत्तियों का पेस्ट एवं थोड़ा अरंड के तेल को एक पैन में तला जाता है। इस प्रलेप को सूजे हुए जोड़ों पर लगाएं।

4. f'o= – छाल का पाउडर एवं गाय के मूत्र से पेस्ट तैयार करें, इसे श्वित्र प्रभावित बाहरी त्वचा एवं दूसरे त्वचा संबंधी संक्रमण पर लगाएं।

5. ihfy;k– छाल का काढ़ा (5 ग्राम छाल को 100 मि०ली० पानी मे 25 मि०ली० रहने तक पकाएं) जलोदर एवं पीलिया में दिन में दो बार दें।

68- fiIiyh ¼ihiM½

Piper longum,
Piperaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	पिप्पली
गुजराती	–	लिंडी पीपर, पिपली
हिंदी	–	पीपड़
कन्नड़	–	हिप्पली
कश्मीरी	–	बबेलो, बलाली
बंगाली	–	पीपुल
अंग्रेजी	–	Long piper
मलयालम	–	पिप्पली
मराठी	–	पिंपली, लेंदी पिंपली
उड़िया	–	पिपली, पिप्पली
पंजाबी	–	माघ, माघ पिप्पली
तमिल	–	अड़िसी टिप्पली, तिप्पली
तेलुगु	–	पिप्पलु
उर्दू	–	फिलफिल दराज

औषधीय प्रयोग

1. [kkalh – 2–3 ग्राम पिप्पली चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर चाटा जाता है। यह खाँसी, जुकाम, गले की खराश आदि को दूर करता है।
2. Loj cBuk – अपच, पचने में परेशानी, भूख कम लगना, जुकाम, स्वर बैठने, राइनिटिस (नासिका प्रदाह) आदि के मामले में 10–20 मि०ली० पिप्पली का काढ़ा प्रतिदिन दो या तीन बार लिया जाता है।
3. iVV dk dhM – पिप्पली, जीरा, काली मिर्च तथा विडंग की समान मात्रा लेकर महीन चूर्ण बनाया जाता है। इसे प्रतिदिन दो या तीन बार 3–5 ग्राम की मात्रा में लिया जाता है। पेट के कीड़े तथा उदरशूल में यह बहुत असरकारक है।
4. ykc le; ls Toj rFkk frYyh c<+uk – 3 ग्राम पिप्पली शहद के साथ मिलाकर प्रतिदिन दो बार भोजन के उपरांत लेने से पाचन संबंधी परेशानी, डायरिया, ज्वर, कमजोरी, तिल्ली बढ़ना तथा भूख न लगने संबंधी परेशानी दूर होती है।
5. coklhj – पिप्पली, पिप्पलीमूल, चव्य (पाइपर चाबा), विडंग, सुंठी तथा हरीतकी के पेस्ट का लेप एक बरतन में लगाकर इसमें बटर मिल्क रखा जाता है। यह बवासीर में बहुत उपयोगी होता है।
6. nkar dk nnZ – शहद को पिप्पली के साथ मिलाकर मुँह में रखें। यह दाँत दर्द की बहुत अच्छी दवा है।

69- i|uuok ¼xnhi.kk½

Boerhaavia diffusa, Nyctaginaceae.

स्थानीय नाम

असमिया	– रंगा पुनर्नवा
बंगाली	– रक्त पुनर्नवा
अंग्रेजी	– Horse Purslene, Hog Weed
गुजराती	– धोलीसतुर्दी, मोटोसतोदो
हिंदी	– गदपूर्णा, लालपुनर्नवा
कन्नड़	– सनादिका
कश्मीरी	– वनजुल पुनर्नवा
मलयालम	– चुवन्ना तझुतवा
मराठी	– घेतुली, वसुचिमुली, सतोदिमूला, पुनर्नवा, खपड़खुटी
उड़िया	– लालपुइरूनी, नलीपुरूनी
पंजाबी	– इत्सित (इयाल), खत्तन
तमिल	– मुकुरत्तई (शिहाप्पु)
तेलुगु	– अतिकमामिदी, एर्रा गलीजेरू

औषधीय प्रयोग

1. i'kkc e tyu rFkk e=ekx dh ck/kk – 15–20 ग्राम पुनर्नवा की जड़ का पानी के साथ काढ़ा बनाया जाता है। इसे प्रतिदिन दो या तीन बार 30–40 मि०ली० की मात्रा में लिया जाता है। यह पेशाब की जलन तथा मूत्रमार्ग की परेशानियों में प्रभावी है।
2. vip – पुनर्नवा के पौधे से प्राप्त 20–30 मि०ली० ताजे रस को चुटकी भर काले नमक के साथ लिया जाता है। यह पेट के अफारे तथा खट्टी डकार आदि में प्रभावी है।
3. e=ekx dh iFkjh – पुनर्नवा के बीजों का (1–2 ग्राम) चूर्ण या 30–40 मि०ली० काढ़ा 10 से 12 दिनों तक नियमित लिया जाता है। यह 5–8 मि.ली. आकार के मूत्रमार्ग की पथरी को निकालने में मदद करता है।
4. ckj ckj gku okyk e=ekx dk bQD'ku – पुनर्नवा, गोखुरा तथा धनिया समान मात्रा में लेकर उसका काढ़ा या गर्म अर्क तैयार किया जाता है। इसे प्रतिदिन दो या तीन बार लिया जाता है। यह पेशाब की जलन तथा मूत्रमार्ग के इंफेक्शन में बहुत असरकारक है।
5. ij dh ltu – पूरे पौधे का बढ़िया लेप तैयार कर इसे हलका गर्म किया जाता है। इसे ज्यादा सूजन वाली जगह पर लगाया जाता है। इसे नियमित रूप से लगाने से शरीर के अंगों की सूजन कम होती है।
6. jäkYirk ¼[ku dh deh½ – खून की कमी तथा सूजन में पुनर्नवा के पत्तों की सब्जी विशेष रूप से प्रभावी है।
7. vk[kksa dh chekjh – पुनर्नवा के ताजे पत्तों का बढ़िया लेप बनाकर बंद आँखों पर लगाया जाता है। यह आँखों को ठंडक प्रदान करती है।

70- fcHkhrd ¼cgsMk½

Terminalia belerica,
Combretaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– भोमोरा, भोमरा, भैरा
बंगाली	– बयादा, बहेदा
अंग्रेजी	– Beleric Myrobalan
गुजराती	– बहेदन
हिंदी	– बहेड़ा
कन्नड़	– तारे काई, शांति काई
कश्मीरी	– बबेलो, बलाली
मलयालम	– तन्निक्का
मराठी	– बहेड़ा
उड़िया	– बहेड़ा
पंजाबी	– बहेड़ा
तमिल	– तनरिक्कई
तेलुगु	– तनिक्कया
उर्दू	– बहेड़ा

औषधीय प्रयोग

1. eqg dk vYlj – 10 ग्राम बिभीतक की डाल की छाल का एक कप पानी के साथ बनाया गया काढ़ा मुँह के अल्सर में प्रयोग किया जाता है।

2. t[e lq jäkyko – इस फल के छिलके का गाढ़ा घोल तैयार कर इसे खून बहने के स्थान पर लगाया जाता है। इससे रक्त के रिसाव में तत्काल आराम मिलता है।

3. lQn cky – बीज मज्जा के 50 ग्राम की मात्रा के गाढ़े घोल को 200 ग्राम शीशम के तेल में मिलाकर 10–12 दिनों के लिए धूप में रखें। इसे प्रतिदिन अच्छे से हिलाएं। फिर इसे छानकर प्रयोग करें। असमय सफेद हुए बालों के मामले में इस तेल की सिर की त्वचा (scalp) पर मालिश करें।

4. [kkalh – भोजन के बाद 10 ग्राम विभीतक पाउडर को शहद के साथ लेने से खाँसी तथा दमा में आराम मिलता है।

5. e= iFkjh – विभीतक के बीजों का 5 ग्राम पाउडर एक कप गाजर के रस के साथ लेने से मूत्र के विकार दूर होते हैं तथा पथरी की समस्या दूर होती है।

71- fcEch ¼dUn : ½

Coccinia indica, Cucurbitaceae



स्थानीय नाम

असमिया	– कवाभतूरी
बंगाली	– बिम्बू, तेलाकूचा
अंग्रेजी	– Ivy-Gourd
गुजराती	– कदाविघीलोड़ी
हिंदी	– कुन्दरू की बेल
कन्नड़	– तोन्देबल्ली
मलयालम	– कोवा, नल्लाकोवा
मराठी	– टोंडले
उड़िया	– पीतकुंडी, कैंचिकाकुडी
पंजाबी	– कंडुरी
तमिल	– कोवाई
तेलुगु	– डोंड़ा तिगा
उर्दू	– कुंद्रु

औषधीय प्रयोग

1. c[kkj – पत्तियों का लेप बाहरी शरीर पर लगाएं जिससे बुखार में पसीना आ सके।

2. [kkt – मुट्ठीभर पत्तियों को 100 मि०ली० नारियल के तेल में भिगो लें और धूप में तीन दिनों तक रखें। इस तेल को कवक संक्रमण खाज वाले स्थानों पर लगाएं। इस स्थिति में बाह्य स्थान पर पत्तियों का लेप भी लाभकारी होता है।

3. eg d Nky – नियमित रूप से नरम कच्चे फल खाएँ।

4. çeg ¼e/keg½ – 15 मि०ली० जड़ों का रस भोजन से पूर्व दिन में दो बार लें। मधुमेह की दवाओं में यह सहायक औषधि के रूप में लिया जा सकता है।

5. –fe lØe.k – आंतों के कृमियों के लिए 10 मि०ली० बिम्बी के रस का सेवन सुबह खाली पेट एक सप्ताह तक करें।

6. NkVk cPpk e fcLrj xhyk dju dh chekjh & इसे रोकने के लिए प्रतिदिन 3–5 ग्राम जड़ के चूर्ण का लेप करें।

72- fcYo ¼cy½

Aegle marmelos, Rutaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– बेल, वेल
बंगाली	– बेला, बिल्व
अंग्रेजी	– Bengal Quince, Bael Fruit
गुजराती	– बिल, बिलुम, बिलवाफल
हिंदी	– बेला, श्रीफल, बेल
कन्नड़	– बिल्वा
कश्मीरी	– बेल
मलयालम	– कूवलम
मराठी	– बेल, बेला
ओड़िया	– बेल
पंजाबी	– बिल
तमिल	– विलवम
तेलुगु	– मरेडु
उर्दू	– बेल

औषधीय प्रयोग

1. çeg ¼e/keg½ – मधुमेह को नियंत्रित रखने और अधिक पेशाब को कम करने हेतु भोजन से पूर्व दिन में एक बार 15 मि.ली. बेल पत्ते का रस पीएं।

2. vkf=d –fe – आंत्रिक कृमियों को निकालने के लिए बेल फल के 5 ग्राम सूखे गूदा और चूर्ण को एक सप्ताह तक दिन में दो बार छाछ के साथ पीएं।

3. coklhj – कच्चे बेल फल, 3 ग्राम सूखी अदरक और 3 ग्राम सौंफ को पीस लें। इसके मिश्रण को 200 मि.ली..गर्म पानी में पूरी रात भिगोकर रखे। बवासीर के इलाज हेतु इस पानी को दिन में 3 से 4 बार 50 मि.ली. की खुराक के रूप में पीएं।

4. dCt – इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम, कब्ज और अपच से राहत के लिए दिन में दो बार एक गिलास छाछ या गर्म पानी में मिलाकर 5 ग्राम बेल फल का गूदा पीएं।

5. ijkuk vfrlkj – कच्चे बेल फल के टुकड़ों को धूप में सुखाएं और उनका चूर्ण बना लें। इस चूर्ण को 5 ग्राम की मात्रा में गर्म पानी के साथ दिन में दो बार पीएं।

6. ihfy;k – बेल–पत्र के 15 मि.ली. रस में 3 ग्राम काली मिर्च लें और इसके बाद दिन में दो या तीन बार छाछ पीएं।

7. eg d Nky – बेल फल के 20 मि.ली. गूदा और एक चम्मच चीनी के मिश्रण का प्रातःकाल खाली पेट 3 दिन तक सेवन करें। यह पेट और मुंह के छालों को ठीक करता है।

73- cgr nfX/kdk ¼n/kh½

Euphorbia hirta ,
Euphorbiaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	बाराकेरई
अंग्रेजी	–	Asthma weed
गुजराती	–	दुधेलों, दुधेली, दूधी
हिंदी	–	दूधी, बड़ी दूधी
मलयालम	–	नेलपलाई
मराठी	–	मोठी दूधी, नायतों, दूधी, डुडली, मोठी नायती
उड़िया	–	दूडिली, दुडोली
पंजाबी	–	दूधी
तमिल	–	अम्मनपतचाइयरिशि
तेलुगु	–	रेड्डीवारिननुबाबू, नानुबालू

औषधीय प्रयोग

1. ?kko – सूजन और अल्सर के उपचार के लिए दूधी और तुलसी के पत्तों का पेस्ट बनाकर प्रभावित स्थान पर लगाया जाता है।
2. eLlk – मस्सों के उपचार के लिए पौधे से दूधी (दूध जैसा सार तत्व या पदार्थ) निकालकर नियमित रूप से मस्सों पर लगाया जाता है।
3. çnj – पत्तियों का पेस्ट बनाकर 5–10 ग्राम की मात्रा में छाछ के साथ दिन में दो बार दिया जाता है।
4. jpd – पत्तियों की चटनी बनाकर भोजन के साथ ली जाती है। यह रेचक और शीतलक का काम करता है।
5. Mkx c[kkj – पत्तियों की 10 ग्राम पेस्ट को 100 मि०ली० पानी में डालकर 25 मि०ली० क्वाथ रहने तक उबालें। इस क्वाथ को दिन में दो बार लिया जाता है और यह औषधि डेंगू बुखार के उपचार और प्लेटलेट को बढ़ाने में काफी प्रभावशाली है।
6. nw/kikuk ;k nw/klo.k – पत्तियों का पेस्ट 10 ग्राम की मात्रा में प्रातःकाल नियमित रूप से लेते रहने से यह स्तनपान करने वाली माताओं में दुग्धकारक का कार्य करता है।

74- ckãh ¼eMd iuh½

Bacopa monnieri,
Scrophulariaceae



स्थानीय नाम

असमिया	– ब्राह्मी
अंग्रेजी	– Thyme Leaved Gratiola
गुजराती	– नीरब्राह्मी, बामानिवारी
हिंदी	– मंडुक पर्नी
कन्नड़	– निरुब्राह्मी, वालब्राह्मी, ओन्डिलगा, मंडुकपर्नी
मलयालम	– ब्राह्मी
मराठी	– जलनम, ब्राह्मी, बिरामी
ओडिया	– ब्राह्मी
पंजाबी	– ब्राह्मीबुटी
तमिल	– निरब्राह्मी, ब्राह्मीवषुक्कै
तेलुगु	– सम्बरेनु, साम्ब्रानी
उर्दू	– ब्राह्मी

औषधीय प्रयोग

1. vfuæk – सोने से पहले ब्राह्मी के चूर्ण को 100 मि.ली. गाय के दूध में मिलाकर पीने से गहरी नींद आती है।

2. Lej.k 'kfä e of) – 1 ग्राम सूखी ब्राह्मी, 1 ग्राम बादाम और 1/4 ग्राम काली मिर्च लेकर पानी के साथ मिलाकर 3 ग्राम के गोली बना ले। दिन में 2 टेबलेट दूध के साथ सेवन करने से स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है।

3. egkl – हल्दी का पाउडर, ब्राह्मी के पते का चूर्ण एवं नींबू के रस को मिलाकर लोशन बना लें। सप्ताह में एक बार चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे के दाग–धब्बे एवं मुहांसे साफ हो जायेंगे।

4. cpuh – कुछ काली मिर्च एवं 3 ग्राम ब्राह्मी को पानी में मिलाकर पीस लें। इसे गाढा कर मरीज को एक दिन में 3–4 बार देने से दीर्घकालीन सरदर्द से राहत मिलेगी।

5. d'k >Muk – ब्राह्मी के तेल को सिर पर मालिश करने से बाल मजबूत होता है। साथ ही मस्तिष्क और शरीर के तंत्रिका–तंत्र को स्वस्थ रखता है।

75- HkE;keydh ¼vkoyk½

Phyllanthus niruri, Euphorbiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– भुंईआमला
बंगाली	– भुंईआमला
अंग्रेजी	– Country gooseberry
गुजराती	– भोंयआंवली, भोनीआंवरी, भोन्यामली
हिंदी	– जंगली आंवला, हजारदाना, जरमाला, भुंईआमला
कन्नड़	– नीलानेल्ली
कश्मीरी	– काथ
मलयालम	– कीझानेल्ली, किझानेल्ली, अझादा
मराठी	– भुंईआंवली
उड़िया	– भुंईऔला
पंजाबी	– लोधर
तमिल	– कीझाक्कानेल्ली, कीझानेल्ली
तेलुगु	– नेलाउसिरिकी

औषधीय प्रयोग

1. ihfy;k – पीलिया रोग में पौधे का रस निकालकर 10–20 मि०ली० की मात्रा में दिन में तीन बार दिया जाता है। इससे यकृत प्रदाह ठीक होता है। पौधे का सत्त (रस) हेपेटाइटिस–ए, हेपेटाइटिस–बी और हेपेटाइटिस–सी के उपचार में इस्तेमाल होता है।
2. ;ksfr çnj – श्वेत प्रदर, अतिरज और मूत्र संबंधी अन्य व्याधियों में पौधे का सत्त (रस) निकालकर 20–30 मि०ली० की मात्रा में प्रतिदिन प्रातःकाल दिया जाता है।
3. e/kqesg – पौधे के 10 ग्राम लसदार मिश्रण को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० रहने तक पकाएं। इस क्वाथ को दिन में दो बार पीने से मधुमेह रोग में काफी लाभ होता है।
4. egk dq Nky – छालेयुक्त अल्सर में पत्तियों और जड़ से तैयार क्वाथ को गरारे करने के लिए उपयोग किया जाता है।
5. xnk dh iFkjh – पौधे के सत्त (रस) की 20 मि०ली० मात्रा को नियमित रूप से प्रतिदिन एक बार लेने से गुर्दे की पथरी नष्ट हो जाती है।
6. ?kko –पूरे पौधे को चावल की मांड के साथ लसदार मिश्रण बनाकर अल्सर और घाव पर लगाया जाता है।

76- Hkaxjkt ¼Hkaxkjk½

Eclipta alba,
Asteraceae

स्थानीय नाम

असमिया	– भ्रन्गराज
बंगाली	– भीमराज, केसुरिया, केसरी
अंग्रेजी	– Trailing Eclipta, Thistles, False Daisy
गुजराती	– भंगारो,भंगरो
हिंदी	– भंगारा, भंगरैया
कन्नड़	– गरुजालू, गुरुगाडा, सोप्पू, केशवर्धना, कोदिगराजू
मलयालम	– कय्योंनी, क्न्नुन्नी
मराठी	– भंगरा, भ्रिंगिराज, मका
पंजाबी	– भांगरा
तमिल	– करिसलान्कनी, करिसलान्गनी, करिसलाई
तेलुगु	– गुनटाकलगरा, गुनटागलगरा
उर्दू	– भांगरा

औषधीय प्रयोग

1. xyh dh [kjk'k – 5 ग्राम सूखे भृंगराज पाउडर को शहद में मिलाकर चाटें। यह सर्दी, खांसी, गले की खराश, खून की कमी एवं दमे आदि के उपचार में लाभकारी है।
2. ;—r fodkj – सबेरे–सबेरे खाली पेट 10–15 मि.ली. ताजा भृंगराज के रस का 7–12 दिन तक लगातार सेवन करना यकृत विकार एवं बाधक जौंडिस के उपचार में लाभदायक है।
3. ;ku oh;Zrk – 3 ग्राम बीज या उसके पाउडर को आधे घंटे तक चीनी पानी में भिंगोकर प्रतिदिन सुबह–शाम सेवन करें। यह यौन शक्ति को सुधारने में मदद करता है और शुक्राणुओं को बढ़ाता है।
4. ijkuk Ropk jkx – 5 ग्राम भृंगराज का एक कप पानी के साथ काढ़ा तैयार कर दिन में दो बार सेवन करें। यह स्टेरॉयड प्रतिरोधी त्वचा रोगों एवं छालरोगों (सोराईसिस) में विशेष लाभकारी है।
5. ckyksa dh n[kHkky – 25 ग्राम भृंगराज पेस्ट, 100 मि.ली. शीशम या नारियल का तेल और 400 मि.ली. भृंगराज काढ़ा या ताजा रस लेकर तेल में पकायें। यह रूसी, बालों का झड़ना, असमय बाल सफेद होना, दोमुंहे बाल इत्यादि में कारगर है।
6. dk;dYi – भृंगराज के पत्ते का पाउडर, काला तिल, अमालकी और चीनी का बराबर–बराबर मात्रा में सेवन रसायन की तरह काम करता है।

77- en;rh ¼egnh½

Lawsonia inermis,
Lythraceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	मेहदी
अंग्रेजी	–	Henna
गुजराती	–	मेंदी
हिंदी	–	मेहंदी
कन्नड़	–	गोरंता, कोरते, मदरंगी
मलयालम	–	माइलनेलु
मराठी	–	मेंदी
तमिल	–	मरुदूम
तेलुगु	–	गोरिंता
उर्दू	–	मेहंदी, हिना

औषधीय प्रयोग

1. ijk dh tyu – नींबू के रस के साथ मेहंदी की ताजा पत्तियों के पेस्ट को रात के समय तलवों पर बांधने से पैरों की जलन में आराम मिलता है।

2. ckyk dk >Muk – सिर की त्वचा पर खुजली, अनिद्रा और बालों के झड़ने हेतु दिन में दो बार 3 ग्राम फूल का पेस्ट लगाया जाना अच्छा होता है।

3. ihfy;k – 100 मि.ली. पानी में 5 ग्राम मेहंदी के पौधे को एक चौथाई होने तक उबालें। पीलिया के उपचार के लिए इस काढ़े का प्रतिदिन सेवन करें।

4. QQwnh; lØe.k – फफूंद जनित त्वचा रोग के कारण नाखून और एथलीट के पैर जैसी स्थितियों में मेहंदी की ताजा पत्तियों के पेस्ट को प्रभावित स्थान पर लगाकर और पट्टी बांधकर उपचार किया जा सकता है।

5. ckyk dh :lh – मेहंदी के बीजों और पत्तियों से तैयार तेल, तेज जलन, खुजली, बालों में रूसी के इलाज हेतु बाहरी रूप में प्रयोग किया जाता है और यह एक शीतलक के रूप में भी काम करता है।

78- efU t "Bk ¼ef t Bk½

Rubia cordifolia,
Rubiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	फुव्वा
बंगाली	–	मंजिस्ठा, मंजिठ
अंग्रेजी	–	Indian Maddar
गुजराती	–	मंजिठा
हिंदी	–	मंजिठा, मंजीट
कन्नड़	–	मंजुस्ठा
मलयालम	–	मंजट्टी
मराठी	–	मंजिह्ठा
पंजाबी	–	मंजिस्था,मंजीत
तमिल	–	मंजिट्टे
तेलुगु	–	मंजिष्ठा
उर्दू	–	मंजीथ

औषधीय प्रयोग

1. fiEiy ,oa dky /kCcs – एक चाय चम्मच रक्त चन्दन, एक चाय चम्मच मंजिष्ठा, 5–7 बूंद निम्बू का रस एवं गुलाब जल लें। सभी सामग्रियों को मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 20 मिनट तक इसे सूखने दें, उसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस फेस पैक को सप्ताह में दो बार इस्तेमाल करना फायदेमंद है।
2. iqjkuk vYlj – पुराने घाव या नहीं ठीक होने वाले अल्सर में 10 ग्राम मंजिष्ठा को 200 मि.ली. पानी के साथ मिलाकर बनाए गए काढ़े से धोने पर फायदा होता है।
3. xfe;ksa dk QkM+k – 20–30 ग्राम मोटे पाउडर को 200–300 मि.ली. पानी में रातभर भिगो कर छोड़ दें। सबेरे–सबेरे खाली पेट इस पानी का सेवन करें। यह शरीर के जलन (गर्मी के मौसम एवं रजोनिवृति के दौरान), छाले एवं फोड़ों के लिए बहुत प्रभावी है।
4. pe jkx – एक कप पानी में 3 ग्राम मंजिष्ठा और 3 ग्राम सेरिवा (हेमिडेसमस इन्डिकस) को मिलाकर बनाया गया जड़ी बूटियों का काढ़ा प्रसिद्ध रक्त शोधक है तथा यह कई चर्म रोगों में बहुत प्रभावकारी है।
5. tyuk – मंजिस्ठा, सागौन के वृक्ष के कोमल पत्ते एवं रक्त चन्दन लकड़ी को बराबर भाग में पुरानी पद्धति से तेल अथवा घी में खौलाया (प्रोसेस) जाता है तथा इस तेल/घी को जले अथवा फफोले वाले स्थान पर लगाया जाता है। यह जलन एवं दर्द को शांत करता है तथा त्वचा मलिनीकरण को कम करता है।
6. coklhj – 3 ग्राम मंजिष्ठा के जड़ के पाउडर का घी के साथ दिन में दो बार प्रभावित स्थान पर सेवन खूनी बवासीर में लाभकारी है।

79- efjp ¼dkyh fep½

Piper nigrum, Piperaceae,



स्थानीय नाम

बंगाली	– गोलमोरिच, कालामोरिच, मोरिच
अंग्रेजी	– Black Pepper
गुजराती	– कालीमोरी
हिंदी	– काली मिर्च
कन्नड़	– करिमोनारु, मेनारु
मलयालम	– कुरुमुलाकू
मराठी	– कालामिरी
पंजाबी	– गलमिरिच, कालीमिर्च
तमिल	– मिलगु
तेलुगु	– मिरियालु, मरिचमू
उर्दू	– फिल्फिल सियाह, कालीमिरिच

औषधीय प्रयोग

1. Hkw[k c<kuk – प्रत्येक दिन भोजन से पहले 3 ग्राम काली मिर्च के साथ मिलाकर 1 चम्मच गुड़ का सेवन करें।
2. vip – काली मिर्च, सूखी अदरक, सेंधा नमक पाउडर को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण की 3 ग्राम मात्रा एक गिलास छाछ में मिलाएं और इसका नियमित सेवन करें।
3. lnh&tqdke – 100 मि.ली. पानी में 3 ग्राम काली मिर्च, 3 ग्राम सूखी अदरक, 04 पिसी हुई लौंग और कुछ तुलसी की पत्तियां डालें और घोल को धीमी आंच पर 5–10 मिनट तक उबालें। काढ़ा पीते समय 5 मि.ली. नींबू का रस और शहद मिलाकर दिन में दो बार पीएं, यह सर्दी–जुकाम में आराम देता है।
4. eSMkk dh lqtu – सरसों के तेल में काली मिर्च का चूर्ण डालें और दांतों की मालिश करने के लिए पेस्ट बनाएं। इसकी लगातार मालिश करने से दाँत साफ रहेंगे और दांतों की समस्याएं नहीं होंगी।
5. gtk – काली मिर्च, हींग, पीपरामूल, सूखी अदरक, सेंधा नमक और कपूर को बराबर मात्रा में लेकर अच्छी तरह से पीस लें और छोटी गोलियां (1 गोली = 1/2 ग्राम) बना लें। हैजा से बचने और हैजा को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक आधे घंटे में एक गोली लें।
6. ukd cUn jguk – काली मिर्च, इलायची, जीरा बीज, दालचीनी को बराबर मात्रा में मिलाकर बारीक चूर्ण पीस लें। इस बारीक चूर्ण की एक चुटकी दिन में तीन से चार बार सूंघने से बंद नाक खुलने में मदद मिलती है।
7. ekleh ,oa th – काली मिर्च, मुलेठी की जड़, इलायची बीज, तुलसी और सूखी अदरक (बराबर मात्रा में) लेकर चाय बनाएं। यह प्रतिदिन दो बार गर्म–गर्म ली जानी चाहिए।

80- ek"k ¼e'koku½

Teramnus labialis, Fabaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– मशंके, बंकलाइ, मशनी
अंग्रेजी	– Vogel-Tephrosis
गुजराती	– बनुदाद, जंगली, अडद
हिंदी	– मशवान, बांवडद, मशोनी
कन्नीड़	– कदु उद्दु
मलयालम	– कटु उलांडु
मराठी	– रन उडिद
पंजाबी	– जंगली उड़द
तमिल	– कट्टु–उलांडु
तेलुगु	– करुमिनुम, मशपेर्निराफानु

औषधीय प्रयोग

1. ;ku {kerk – भुने हुए काले चने तथा तिल के पाउडर को समान मात्रा में अच्छी तरह मिलाएं। इस पाउडर का 5 ग्राम एक चम्मच गुड़ के साथ मिलाकर रोजाना दूध के साथ खाने के बाद लें। यह एक शक्तिवर्धक के रूप में कार्य करता है। इसे परम्परागत रूप से यौन क्षमता बढाने के टोनिक के रूप में प्रयोग किया जाता है। इस नुस्खे को 4–6 सप्ताह की अवधि तक लगातार प्रयोग किया जा सकता है, परंतु मधुमेह के रोगियों के लिए यह नुस्खा ठीक नहीं है।
2. flj dh tyu – 30 ग्राम काले चने के बीज को 100 मि.ली. तिल के तेल में 10–15 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। इस तेल को नियमित रूप से सिर पर लगाने से जुंओं से छुटकारा मिलता है।
3. tkMksa dk nnZ – काले चने के पाउडर में थोड़ा तिल का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को हल्का गर्म करके जोड़ों पर लगाएं। इससे सूजन तथा दर्द दोनों में राहत मिलती है। यह रयूमेटोइड आर्थराइटिस तथा आस्टोआर्थराइटिस दोनों में लाभकारी है।
4. lkekU; detkjh – 20 ग्राम काले चने को 100 मि.ली. दूध में पकाए तथा बाद में चीनी डालें। इसे शाम के समय पीएं। यह एक शक्तिवर्द्धक पेय के रूप में पीया जा सकता है तथा स्त्री–पुरुष में प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार होता है।
5. dCt – काले चने के 20 ग्राम बीजों को भूनकर बारीक पाउडर बना लें। इसे 100 मि.ली. खट्टे छाछ के साथ पीएं। यह मल को इकट्ठा करने में सहायता करता है। यह विशेष रूप से उनके लिए उपयोगी है जिनको कब्ज रहती है और जिनका मल–त्याग अनियमित है।

81- feJ; ¼lkSQ½

Foeniculum vulgare, Apiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– गुवामुरी
बंगाली	– मरुई, पनमौरी
अंग्रेजी	– Fennel Seeds
गुजराती	– वरियाली
हिंदी	– सौंफ
कन्नड़	– बदिसोंपु, डोड्डासोंपु
कश्मीरी	– सनुफ, बड्नइ
मलयालम	– कट्टूसताकुप्पा, परिंजाएरागुम
मराठी	– बाडीशोप
ओड़िया	– पनामाधुरी
पंजाबी	– सौंफ
तमिल	– शोम्बू
तेलुगु	– सोम्पु
उर्दू	– सौंफ

औषधीय प्रयोग

1. vip – बराबर मात्रा में सौंफ के दाने एवं इलायची का बारीक पाउडर बना लें। इस मिश्रण का 3 ग्राम खाना खाने के बाद गुनगुने पानी से लें।
2. lkl dh cnc – सौंफ के गरम पानी के साथ (10 ग्राम सौंफ के दाने 100 मि.ली. पानी में 5 –10 मिनट के लिए धीमी आँच पर उबालें हुए) दिन में एक बार कुल्ला करें।
3. Å"ek?kkr – 200 मि०ली० पानी में मुट्ठी भर सौंफ के दाने रात भर भिगो कर रखें। अगली सुबह, इस मिश्रण को छान लें। इसमें चुटकी भर काला नमक एवं थोड़ी चीनी मिलाएँ एवं इस मिश्रण को पीएँ।
4. mnj'ky – 10 ग्राम सौंफ के दाने 100 मि०ली० पानी के साथ लें और 100 ग्राम चीनी मिलाएँ। इस मिश्रण को चाशनी जैसा गाढ़ा होने तक उबालें। इस मिश्रण को बच्चे को दिन में 2–3 बार 5 मि०ली० पिलाएं।
5. ekVkik – 5 ग्राम हरीतकी चूर्ण, 5 ग्राम सौंफ के दानों के पाउडर को 100 मि०ली० पानी में एक चौथाई होने तक उबालें। इसे छान लें और एक चम्मच शहद मिलाएँ एवं इस मिश्रण को सुबह खाली पेट पीएं।
6. nw/kiku – स्तनों का दूध बढ़ाने के लिए 1 कप जौ के सूप में 5 ग्राम सौंफ का पाउडर दिन में 2–3 बार लें।

82- e[Mh

Sphaeranthus indicus,
Asteraceae

स्थानीय नाम

असमियाज	– कमाडरस
बंगाली	– सरमरिया, मुड़मुड़िया
अंग्रेजी	– East India Globe Thistle
गुजराती	– गोरखमुंडी
हिंदी	– मुंडी, गोरखमुंडी
कन्नड़	– मुदुकट्टनगीदा, करन्डे
मलयालम	– मन्नी
मराठी	– मुंडी, गोरखमुंडी
उड़िया	– भुईकदम
पंजाबी	– गोरखमुंडा
तमिल	– करन्डई
तेलुगु	– बोदासारूमू बड़ातरामू
उर्दू	– मुंडी

औषधीय प्रयोग

1. Ropk jkx – मुंडी की पत्तियों को छाया में सुखाकर, चूर्ण बनाकर, 3 ग्राम की खुराक प्रतिदिन दो बार लेने से रक्तशोधक के रूप में त्वचा रोग के लिए लाभदायक होता है।
2. 'kkjhfjd Å"ek – फूलों के चूर्ण की 3 ग्राम खुराक प्रतिदिन दो बार पानी के साथ लेने से शरीर में ठंडक प्रदान करती है तथा यह एक टॉनिक के रूप में काम करता है।
3. —fe lØe.k – एक सप्ताह तक प्रतिदिन दो बार गुड़ के साथ जड़ का 5 ग्राम पाउडर लेना आंतों के कीड़ों के निष्कासन में लाभदायक होता है।
4. vfrjrk – प्रतिदिन दो बार छाछ के साथ 5 ग्राम पौधों का मिश्रण लेना रक्तस्राव, बवासीर तथा अतिरजता के लिए लाभदायक होता है।
5. tkMk dk nn – प्रतिदिन दो बार गर्म पानी से 3 ग्राम अदरक को 3 ग्राम मुंडी चूर्ण के साथ लेना आर्थराइटिस जैसे दर्द से राहत देता है।
6. fljnn – प्रतिदिन दो बार चुटकी भर काली मिर्च के साथ 10 मि०ग्रा० मुंडी का रस लेने से एक सप्ताह के अन्दर सिरदर्द जैसे कि पेमीक्रेनिया को कम करता है।

83- eLrk ¼ekFkk½

Cyperus rotundus,
Cyperaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– मुथा, सोमद कूफी
बंगाली	– मुठा, मुश्टा
अंग्रेजी	– Nut Grass
गुजराती	– मोठ, नागरमोथ
हिंदी	– मोथा, नागरमोथा
कन्नड़	– कोन्नारी, गड्डे
मलयालम	– मुथंग, कारी मस्तान
मराठी	– मोठ, नागरमोथ, मोठा, बिम्बल
पंजाबी	– मुठा, मोथा
तमिल	– कोरई, कोरई– किजहंगु
तेलुगु	– तुंगमुस्तालु
उर्दू	– साद कुफी

औषधीय प्रयोग

1. Toj – मोथा, पर्पटा, सोंठ, पीपरामूल के चूर्ण की बराबर मात्रा को अच्छी तरह मिलाकर इसकी 5 ग्राम मात्रा दिन में तीन बार गर्म पानी के साथ लें।
2. Lru d; QkM+k – स्तन में किसी भी तरह की सूजन या उससे मवाद निकलने पर इस कंद का काढ़ा दिन में दो बार 15 दिनों के लिए दें। (काढ़ा– 5 ग्राम मोथा कंद को 100 मि०ली० पानी में तब तक उबालें जब तक कि वह 25 मि०ली० न रह जाए)
3. nLr – अपच या दस्त होने पर इस कंद का चूर्ण छाछ के साथ दिन में तीन बार दे सकते हैं।
4. t;dke – 100 मि०ली० दूध में 5 ग्राम कंद का चूर्ण 50 मि०ली० होने तक पकाएं। यह दूध बच्चों और बड़ों को दिन में एक बार दे सकते हैं। यह एक बेहतरीन प्रतिरोध नियंत्रक है तथा अन्य बीमारियों जैसे अस्थमा, सर्दी, छाती में कफ भर जाने इत्यादि में भी उपयोगी है।
5. tBj 'kkFk – इस कंद का काढ़ा (5 ग्राम मोथा को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० रहने तक पकाते हैं) सभी तरह की आंत्रिक बीमारियों जैसे पेप्टिक अल्सर तथा शोथ में असरदार है।
6. cnc; – पसीने से उत्पन्न होने वाली बदबू दूर करने के लिए कंद का लेप प्रतिदिन स्नान के पहले पूरे शरीर पर किया जाता है।
7. Lruiku – नागरमोथा की ताजा जड़ों को छील कर इसका लेप बना लें तथा स्तन के ऊपर लगाएं।

84- eyd ¼eyh½

Raphanus sativus, Brassicaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– मूलो
बंगाली	– मूला
अंग्रेजी	– Radish
गुजराती	– मूलो
हिंदी	– मूली
कन्नीड़	– मूलंगी, मूलौगी, मूलांगी, मूग्निगादे
मलयालम	– मूलंकी
मराठी	– मूला
उडिया	– मूला, रखयासमूला
पंजाबी	– मूलक, मूली, मूला
तमिल	– मूलंगी, मूलकम, मूलंगू, मिलंगी
तेलुगु	– मूलंगी
उर्दू	– तुर्ब, मूली

औषधीय प्रयोग

1. ekVkik – 1–2 बड़ी मूली छोटे–छोटे टुकडों में काटकर इन्हें 500 मि.ली. गर्म पानी में डालकर 1–2 घंटे तक रखा जाता है। इसके बाद इसे छानकर इस पानी का प्रयोग दिनभर पीने के लिए किया जाता है। इससे शरीर का वजन कम करने में सहायता मिलती है।
2. fMlfyfifMfe;k – 20–30 मि.ली. मूली के रस को उतनी ही मात्रा के पानी, एक चम्मच नींबू के रस और थोड़ा सा मधुरस में मिश्रित किया जाता है। इसका सेवन भोजन से पूर्व 30–40 दिनों तक प्रतिदिन किया जाता है। इससे हानिकारक कोलेस्ट्रोल काफी मात्रा में कम हो जाता है।
3. u= mipkj – 20–30 मि.ली. मूली के ताजे एवं हरे पत्तों के रस का सेवन प्रतिदिन भोजन से पूर्व दो बार किया जाता है। इसे आंखों के लिए उपयोगी माना जाता है। इससे जलन, खुजली और अत्यधिक अश्रु स्राव से राहत मिलती है। इसे रतौंधी के लिए भी उपयोगी माना जाता है।
4. Y;kdkMek – 50 मि.ली. मूली के रस को 100 मि.ली. शीशम के तेल के साथ गरम किया जाता है। इस तेल से नमी 1/4 पानी का अंश 1/4 समाप्त होने तक गरम किया जाता है। इसके बाद इसे छानकर रखा जाता है ल्यूकोडर्मा के घाव पर इस तेल को नियमित रूप से लगाए जाने पर दवा के उपयुक्त आंतरिक प्रयोग के साथ इसके अच्छे फायदे होते हैं।
5. Ropk lEc/kh ,yth – 1–2 मूली की जड़ के पेस्ट का प्रयोग त्वचा/चेहरे पर किया जाता है इसे 15–20 मिनट तक लगाकर रखने के बाद अच्छे से साफ कर लिया जाता है। (अति संवेदनशील स्थानों पर मूली के प्रयोग से बचें) इससे त्वचा में फिर से नमी आ जाती है और त्वचा से टॉक्सिक पदार्थ खत्म हो जाते हैं।
6. e=k'k; e iFkjh– प्रतिदिन भोजन के उपरांत 20–30 मि.ली. मूली के रस का तीन महीनों तक नियमित सेवन मूत्राशय की पथरी के लिए लाभकारी है।

85- eFkh

Trigonella foenum-graecum, Fabaceae



स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Fenugreek
गुजराती	– मेथी
हिंदी	– मेथी
कन्नड़	– मेंथे, मेंते
मलयालम	– उलुवा
मराठी	– मेथी
पंजाबी	– मेथी
तमिल	– मेंडियम, वेंटाइयम
तेलुगु	– मेंतुलु
उर्दू	– मेथी

औषधीय प्रयोग

1. fMlfyfifMfe;k – 10 ग्राम मेथी दाने का पाउडर रोज दो बार गुनगुने पानी या छाछ के साथ लेने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटता है।
2. çeg ¼e/keg½ – मेथी दाने के पाउडर और हल्दी पाउडर को समान मात्रा में रोज खाली पेट 5–10 ग्राम मात्रा में पानी के साथ लें।
3. xl cuuk – 10 ग्राम मेथी दाने को रात भर पानी में भिगो कर रखें। अगले दिन इसको पेस्ट के रूप में खाने से 30 मिनट पहले लें। यह पेट तथा आंतों की अंदरूनी दीवार पर एक परत चढ़ा कर जठर रोग की जलन को कम करता है। यह अम्ल के श्वास नली में आने तथा गैस को दूर करता है।
4. vip – 5–10 ग्राम मेथी दाने को भून कर दूध में पकाएं (यदि आवश्यक हो तो थोड़ी चीनी डालें)। इसे चाय या कॉफी के स्थान पर पीएं। यह आंतों को शक्ति देता है तथा पाचन शक्ति को बढाता है।
5. Lruiku – 10 ग्राम मेथी दाने को 200 ग्राम दूध में थोड़ा गुड़ डालकर 100 मि.ली. रहने तक पकाएं। इस दूध को पीने से दूध पिलाने वाली महिलाओं में दूध की मात्रा बढ़ती है।
6. coklhj – 10 ग्राम मेथी दाने का पाउडर गुनगुने पानी तथा आधे चम्मच घी के साथ लें। इससे कब्ज के साथ–साथ बवासीर में भी राहत मिलती है।
7. ckyksa dk fxjuk – 50 ग्राम मेथी दाने में 150 मि.ली. नारियल या तिल का तेल डालकर धूप में 6 दिन तक रखें। इस तेल (आदित्यपाक तैल) का नियमित प्रयोग बालों के लिए एक अच्छे टॉनिक का कार्य करता है।
8. g;j dsMh'kuj – 10 ग्राम मेथी दाने को पानी में रात भर भिगो कर रखें। अगले दिन इसका पेस्ट बनाकर हेयर मास्क के रूप में सिर में लगाएं। इसे 30–45 मिनट लगाने के बाद पानी से धो लें। यह बालों के लिए एक प्राकृतिक कंडीशनर का काम करता हैं।

86- e"k'kxh ¼xqMekj½

Gymnema sylvestre,
Apocynaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	मेषशृंग
अंग्रेजी	–	Periploca of the wood
गुजराती	–	कावली, मेधसिंगे
हिंदी	–	गुड़मार, मेधासिंगी
कन्नड़	–	काढ़ासिगे
मलयालम	–	कर्राक्कोल्ली, मधुनाशिनी
मराठी	–	कावली, मेधासिंगी
तमिल	–	शिरुकुरूम काय, शक्करइक्कोल्ली
तेलुगु	–	पोडापर्त्त

औषधीय प्रयोग

1. e/keg – मधुमेह के उपचार में सूखी पत्तियों का चूर्ण दिन में 2–3 बार, 5–6 महीने के लिए दिया जाता है। अध्ययन और अनुसंधान से पता चला है कि इस दवा की उच्च खुराक लेने से अग्नाशय की बेसोफिलिक कोशिकाओं को पुनर्जीवन प्रदान करने में सहायता मिलती है।

2. ;ku jkx – मधुमेह, यौन रोग और बहुमूत्रता में सूखी पत्तियों का चूर्ण 5–7 ग्राम की मात्रा में दूध के साथ दिया जा सकता है।

3. ekVkik – 10 ग्राम पत्तियों की पेस्ट को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० क्वाथ (काढ़ा) रहने तक उबालें। मधुमेह, मोटापा और खून में मौजूद कोलेस्ट्रॉल की उच्च मात्रा की स्थिति में दिन में 2 बार, 3–4 सप्ताह तक इस क्वाथ को दिया जाता है।

4. ?kko – गुड़मार की जड़ के चूर्ण का पेस्ट बनाकर घावों पर लगाया जाता है।

5. dk"Bc) rk ¼dCt½ – जठरांत्र विकार जैसे कोष्ठबद्धता (कब्ज) और वात रोगों में पत्तियों के चूर्ण की 5 ग्राम मात्रा सोने से पहले गरम पानी के साथ सेवन किया जाता है।

87- ;okuh ¼v tok;u½

Trachyspermum ammi,
Apiaceae



स्थानीय नाम

असमिया	–	जैन
बंगाली	–	यमनी, यौवण, यवन, जवन, यवनी, योयाना
अंग्रेजी	–	Bishop's weed
गुजराती	–	आजमा, अजमो, यवन, जवाइन
हिंदी	–	अजवाइन, जेवाइन
कन्नड़	–	ओमा, योम, ओमू
कश्मीरी	–	कथ
मलयालम	–	ओमम, आयनोदकन
मराठी	–	ओनवा
उड़िया	–	जुयानी
पंजाबी	–	लोधर
तमिल	–	ओमम
तेलुगु	–	वामू

औषधीय प्रयोग

1. dku dk nn& – लहसुन की 5 कलियों के साथ 3 ग्राम अजवाइन बीज को 50 मि०ली० तिल के तेल में लाल होने तक उबालें। तेल को छान लें और कान का दर्द दूर करने हेतु 2–3 बूंदें कान में डालें।

2. lnhZ&tqdke – 5 ग्राम अजवाइन के बीज लेकर उन्हें पीस लें और उन्हें एक कपड़े में बांधकर सूंघें। या बंद नाक में आराम के लिए 10 ग्राम अजवाइन को एक गर्म पानी की कटोरी में डाले और भांप में साँस लें।

3. mnj ok;q vkj mnj 'kwy – 3 ग्राम अजवाइन बीज चूर्ण और 3 ग्राम सूखे अदरक के चूर्ण को थोड़े काले नमक के साथ मिलाएं और इसका दिन में दो या तीन बार गर्म पानी के साथ सेवन करें।

4. ijkuk 'okluyh 'kkFk – अजवाइन चूर्ण को गुड़ के साथ बराबर मात्रा में मिलाएं, मिश्रण का पेस्ट बनाने के लिए उसे आंच पर रखें और दिन में दो बार 2 चम्मच पेस्ट का सेवन करें।

5. ekp – 10 ग्राम अजवाइन बीज चूर्ण, थोड़े नमक और हल्दी का तिल के तेल में पेस्ट बनाएं और गाढ़े गर्म पेस्ट को मोच वाले स्थान पर लगाएं।

6. xyk e [kjk'k – 100 मि०ली० पानी में 5 ग्राम अजवाइन बीज चूर्ण को उबालें। इस पानी से गले की खराश दूर करने के लिए गरारे करें।

88- ;f"Ve/k ¼eyBh½

Glycyrrhiza glabra, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– जस्टीमधु, येस्टमधु
बंगाली	– येस्टीमधु
अंग्रेजी	– Liquorice Root
गुजराती	– जेठीमधा, जेठीमर्द, जेठीमध
हिंदी	– मुलेठी, मुलाठी, मुलेटी, जेठीमधु, जेठीमध
कन्नड़	– जेस्टमदु, मधुका, जेस्टमधु, अतिमधूरा
कश्मीरी	– मुल्ठि
मलयालम	– इरात्तिमधुरम
मराठी	– जेस्थमध
ओड़िया	– जतिमधु, जस्टिमधु
पंजाबी	– जेस्टीमध, मुलाठी
तमिल	– अतिमधुरम
तेलुगु	– अतिमधुरम
उर्दू	– मुलेठी, असल–अस–सुस

औषधीय प्रयोग

1. vfuæk – 100 ग्राम गरम दूध में 5 ग्राम मुलैठी की जड़ का पाउडर 30 दिन तक प्रतिदिन सोने से पहले खाने से अनिद्रा में लाभ मिलता है।
2. vLFkek i;; – 100 ग्राम पानी में 3 ग्राम मुलैठी की जड़ का पाउडर चाय की तरह उबाल कर लें। यह चाय प्रतिदिन 2–3 बार पीने से अस्थमा में लाभ प्रदान करती है। मुलेठी की जड़ की चाय अवसाद के उपचार में भी लाभप्रद है।
3. pgjs dh jtdrk – मुलेठी की जड़ के पाउडर में नारियल तेल, बादाम तेल एवं दूध मिलाकर मिश्रण बनाएँ। इसका लेप चेहरे पर लगाएं एवं सूखने दें। इसके बाद इस लेप को सादे पानी से धो डालें यह शुष्क त्वचा वाले व्यक्तियों की चमड़ी को नमी प्रदान करने में सहायक है।
4. tBj'kkFk – 5 ग्राम मुलेठी 100 मि०ली० दूध में उबालकर 50 मि०ली० तक कर लें। यह दूध प्रतिदिन दो बार पीने से पाचन तंत्र के अल्सर संबंधी बीमारी, हृद्दाह, जठरशोथ में राहत प्रदान करता है।
5. ekfld /keZ dh ,Bu – मास की संभावित मासिक धर्म चक्र की अवधि से तीन दिन पूर्व प्रतिदिन मुलेठी की जड़ की चाय पीयें इससे पीएमएस लक्षण एवं मांसपेशियों की ऐंठन कम करने में सहायता मिलती है।

89- jk t kn Ecj ¼v thj½

Ficus carica, Moraceae



स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Common Fig
हिंदी	– अंजीर
मराठी	– अट्टी पाझम
तमिल	– सेमायट्टी
तेलुगु	– अथी पल्लु, बोद्दा
कन्नड़	– अंजुरा
उर्दू	– अंजीर

औषधीय प्रयोग

1. eg d Nky – 30 ग्राम छाल के मोटे पाउडर को 200 ग्राम पानी में उबालें जब वह एक चौथाई रह जाए तो इस मिश्रण के छाने हुए काढ़े से दिन में 3–4 बार गरारे (कुल्ला) करें। इससे मुँह के छालों तथा पेट के दर्द में आराम मिलता है।

2. x luh'kkFk – इसकी 1–2 नरम पत्तियों को मुँह में चबाएं तथा 10 मिनट तक मुँह में रखें फिर थूक दें। इससे गले की खराश तथा ग्रसनीशोथ (गले की सूजन) में आराम मिलता है।

3. vEyh; vfXuo/kd fodkj – 20 ग्राम छाल के पाउडर को 100 मि.ली. गाय के दूध में उबालें, जब वह 50 मि०ली० रह जाए तो इस दूध के सुबह–सुबह ही सेवन करने से गैस तथा अम्लीय अग्निवर्धक विकार में आराम मिलेगा।

4. fgpdh – 5 पके हुए फलों का गूदा 100 मि०ली० दूध में मिला लें तथा थोड़ी सी शक्कर या गुड़ मिलाकर इसका मिल्क शेक बनाने के लिए मिक्सर में इसका मिश्रण बना लें। इस गाढ़े दूध के मिश्रण को दिन में एक बार लेने से सभी प्रकार के पेट संबंधी विकार व हिचकी जैसी परेशानियाँ दूर हो जाती हैं।

5. e=k'k; dh iFkjh – 6 अंजीर को एक कप पानी में 5–10 मिनट तक कम आँच पर उबालें। एक माह तक सुबह–सुबह इस पानी का सेवन करने से पथरी दूर हो जाती है।

